शर्मा हार्डवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 153 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 29 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अलग-अलग चरणों में 3 जनवरी से शुरू होगा गुणोत्सव पेज 2
भाजपा प्रशासन तंत्र का दुरुपयोग नहीं करती : पीयूष पेज 3
राजस्थान के छह जिलों में मिले कोरोना के छह नए मामले पेज 5
महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी : स्वीटी, जैस्मिन ने जीता स्वर्ण, रेलवे बना चैंपियन पेज 7

# अल्फा शांति समझौता की तैयारियां पूरी, हस्ताक्षर आज



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अल्फा के साथ शांति समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया गया है। 29 दिसंबर को सरकार के साथ अल्फा का समझौता होना लगभग तय है। भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (अल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन पर 29 दिसंबर को शाम 5 बजे नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाने संबंधी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस ऐतिहासिक समझौते में तीनों पक्ष शामिल होंगे। इसकी घोषणा करते हुए असम सरकार ने 28 दिसंबर को माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स के जरिए बताया कि हस्ताक्षर समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे। समारोह में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के साथ अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले अल्फा के वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से अधिक शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। अल्फा गुट के साथ चर्चा में शामिल सरकारी प्रतिनिधियों में खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और पूर्वोत्तर मामलों पर सरकार के सलाहकार एके मिश्रा शामिल हैं। चीन-म्यांमार सीमा पर रहने वाले परेश बरुवा के नेतृत्व वाले कट्टरपंथी गुट के विरोध के बावजूद, इसके अध्यक्ष अरविंद राजखोवा के नेतृत्व वाले अल्फा गुट ने 2011 में केंद्र सरकार के साथ बिना शर्त बातचीत शुरू की थी। 1979 में *संप्रभु असम* की मांग के साथ गठित अल्फा की विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण 1990 में केंद्र सरकार ने इसे प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। राजखोवा गुट ने 3 सितंबर, 2011 को सरकार के साथ शांति वार्ता शुरू की थी। उसी का नतीजा 29 दिसंबर को सामने आएगा।

# व्यक्ति की तरह राष्ट्र का भी होता है अपना चरित्र : भागवत




**माजुली ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि जैसे हर एक व्यक्ति का निश्चित स्वभाव होता है, ठीक वैसे ही हर एक राष्ट्र का अपना चरित्र होता है। राष्ट्र का स्वभाव उसकी संस्कृति से आता है। भारत की संस्कृति सर्वसमावेशी है। सर्व समावेशी संस्कृति सिर्फ भारत में ही है। डॉ. भागवत उत्तर माजुली कमलाबारी सत्र में आयोजित पूर्वोत्तर संत मणिकांचन सम्मेलन 2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में विश्व को शांति और सहअस्तित्व का संदेश और इसपर केंद्रित जीवन-पद्धति देने के लिए भारत को खड़ा रहना पड़ेगा। इस कार्य के लिए संतों को ही समाज में आगे आना होगा। उन्होंने स्मरण दिलाया कि हम सबके पूर्वज एक हैं, सबकी मान्यताएं एक हैं। हम सबको अपनी विविधताओं का पालन करते हुए हमारी एकता को आगे ले जाना है। एकता समरुपता नहीं है अपितु समभाव है। सरसंघचालक ने सेवा के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार आदि के द्वारा समाज को स्वावलंबी बनाने पर बल दिया। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि संस्कारों के साथ परिवारों में राष्ट्रीय सजगता की अति आवश्यकता है। हमारी नई पीढ़ी तक इस भाव और हमारी श्रेष्ठ आध्यात्मिक मूल्यों को पहुंचाने का काम सभी धर्माचार्यों और उनके मठ-मंदिरों को करना चाहिए। जिस तरह महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने अपने श्रेष्ठ जीवन व्यवहार से अपने समाज का सुधार किया, ठीक उसी तरह हमें भी संगठित शक्ति के द्वारा वर्तमान कुरीतियों को समाप्त करना है। संत मणिकांचन सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय -शेष पृष्ठ दो पर

# कार्बी युवा महोत्सव-2024 में भाग लेंगी राष्ट्रपति



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को कार्बी युवा महोत्सव 2024 के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के लिए असम का दौरा करेंगी। यह कार्यक्रम असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारालांग्सू (डिफू) में होगा। राष्ट्रपति मुर्मू के अलावा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान, नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित रहेंगे।

# जयपुर और दिल्ली समेत सात एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी




**जयपुर ( हि.स. )।** राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों को ईमेल पर एयरपोर्ट और प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार्यालय कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। इसके बाद स्थानीय एयरपोर्ट थाना पुलिस की मदद से एयरपोर्ट और वहां लैंड होने वाली फ्लाइट्स की जांच शुरू कर दी। पुलिस को अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ईमेल किसने भेजा -शेष पृष्ठ दो पर

पূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

# कतर में आठ भारतीयों की मौत की सजा पर रोक, कोर्ट ने सजा भी घटाई



**नई दिल्ली।** कतर में बंद 8 भारतीयों को नए साल से पहले एक बड़ी राहत मिली। नौसेना के आठ पूर्व अफसरों को इस साल 26 अक्तूबर को कतर की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी जिसके बाद भारत ने इस फैसले में हस्तक्षेप किया और अब एक राहत भरी खबर सामने आई है। कतर में बंद 8 भारतीयों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत जांच का आदेश है। हमारी कानूनी टीम आठों भारतीयों के परिवारों के अगले कदम को लेकर संपर्क में हैं। कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा को कम कर दिया है। उन्हें पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। -शेष पृष्ठ दो पर

# मप्र : बस में लगी आग, 13 लोग जिंदा जले, 16 झुलसे



**गुना ( हि.स. )।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार रात दोहाई मंदिर के पास एक डंपर की टक्कर के बाद बस में लगी आग में 12 लोग जिंदा जल गए। डंपर के चालक की भी आग की चपेट में आने से मौत हो गई। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। हादसे में करीब 16 लोग झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सिकरवार ट्रेवल्स की बस बुधवार रात आठ बजे गुना से आरोन जा रही थी। 32 सीटर बस में 30-35 यात्री सवार थे। रात करीब साढ़े आठ बजे आरोन रोड पर बजरंगगढ़ में दुहाई मंदिर के पास यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस और डंपर में टक्कर के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया दु:ख, सीएम पहुंचे अस्पताल

**भोपाल ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में बुधवार रात डंपर और बस की टक्कर के बाद बस में आग लगने से 13 यात्री जिंदा जल गए और 16 बुरी तरह झुलस गए थे। इस घटना पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताकर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को गुना पहुंचकर जिला अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की और उनसे घटना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

Door graphy
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

# गणतंत्र दिवस पर किसान संगठन निकालेंगे ट्रैक्टर परेड



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला स्तर पर ट्रैक्टर परेड आयोजित करेगा। एसकेएम ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि एसकेएम देश के 500 जिलों में ट्रैक्टर रैली निकालने की तैयारी कर रहा है। संगठन ने किसानों से बड़ी संख्या में इस परेड में शामिल होने की अपील की है। ट्रैक्टर परेड में भाग लेने वाले किसान राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ घटक संगठनों के झंडे भी लहराएंगे। किसान भारत के संविधान में निहित लोकतंत्र, -शेष पृष्ठ दो पर

# प्रियंका की बढ़ी मुश्किलें, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने चार्जशीट में दर्ज किया नाम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी एक बार फिर मुश्किलों में घिरतीं हुई नजर आ रही हैं। प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) से जुड़े एक केस की चार्जशीट में प्रियंका गांधी का नाम दर्ज किया गया है। ईडी ने अपने आरोप पत्र में प्रियंका गांधी का नाम लिया है, जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद में 40 कनाल (पांच एकड़) की कृषि भूमि खरीदने में उनकी भूमिका का उल्लेख किया गया है। 2006 में दिल्ली स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा से और फरवरी, 2010 में वही जमीन उसे बेच दी। ईडी के अनुसार, यह जमीन फरीदाबाद के अमीपुर गांव में पाहवा से खरीदी गई थी। वह एजेंट जिसके साथ प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी 2005-2006 तक अमीपुर गांव में 334 कनाल (40.08 एकड़) जमीन के तीन टुकड़े खरीदे और उसे बेच दिया। दिसंबर, 2010 में उसे जमीन मिल गई। एजेंट वही व्यक्ति है जिसने एनआरआई -शेष पृष्ठ दो पर

# अगर गरीबी एक जाति तो मोदी ओबीसी कैसे : राहुल गांधी



**नागपुर ( हि.स. )।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री खुद को ओबीसी कहते हैं। वहीं सवाल पूछने पर कहते है कि देश में एक ही जाति है, वह है गरीबी। यदि देश में गरीबी ही जाति है तो फिर मोदी ओबीसी कैसे हो सकते हैं। कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी यहां कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रभात

*संधि और एकता होने पर भी सतर्क रहें।*

**- आचार्य चाणक्य**

## न्यूज गैलरी

### देश में कोरोना के 702 नए मामले आए सामने, छह की मौत

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 702 नए मामले सामने आए हैं और इससे 6 मरीजों की मौत हो गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में देश में 4150 एक्टिव मामले हैं। कोरोना से 692 मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दिल्ली में कोरोना के 9 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। केरल में 358 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। गोवा में 16 नए मामले सामने आए हैं।

# अलविदा 2023 : दरकते जोशीमठ के बीच चमकी चार धाम यात्रा




**देहरादून ( हि.स )।** श्री बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार जोशीमठ पर इस वर्ष की शुरूआत में ऐसा संकट आया कि इस पौराणिक शहर के अस्तित्व मिटने तक की बात होने लगी थी। ऐसे में चार धाम यात्रा खास तौर पर श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा के प्रभावित होने की आशंकाएं थीं, लेकिन हर बार की तरह आस्था विजयी हुई और आशंका पराजित। चार धाम यात्रा में इस बार यात्रियों की संख्या का नया रिकार्ड बन गया। श्री हेमकुंड साहिब को भी शामिल कर लें, तो इस बार की संपूर्ण यात्रा में पहली बार यात्रियों की संख्या ने 50 लाख का आंकड़ा छू लिया। वर्ष 2023 की शुरूआत जोशीमठ पर आए असाधारण संकट के साथ हुई। ऐसा संकट जिसने देहरादून से लेकर दिल्ली तक में हलचल मचा दी। भूस्खलन का ऐसा दौर चला, कि लोगों के घरों में दरारें पड़ने लगीं। जमीन के भीतर पानी के तेजी से हलचल मचाने के संकेत ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। आनन-फानन में राज्य और केंद्र की तमाम एजेंसियां -शेष पृष्ठ दो पर

*तेलंगाना में पार्टी नेताओं से बोले शाह-*

# सारे मतभेद भुलाकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें



**हैदराबाद ( हि.स. )।** एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को तेलंगाना पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। हैदराबाद में शमशाबाद स्थित नोवाटेल होटल में आयोजित बैठक में शाह ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। इन चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने पार्टी नेताओं से लोकसभा चुनाव में सारे मतभेद भुलाकर समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। पार्टी की बैठक में शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हुई गलतियां दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की गलतियों से सबक लेते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अलग-अलग चरणों में 3 जनवरी से शुरू होगा गुणोत्सव

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम में गुणोत्सव 2024 आगामी 3 जनवरी को शुरू होगा और 9 फरवरी तक चलेगा। यह तीन अलग-अलग चरणों में शुरू होगा। जिसका लक्ष्य राज्य भर में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम से बड़ी संख्या में स्कूलों और छात्रों पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इसमें 88 हजार 525 से अधिक स्कूल और पहली कक्षा से दसवीं कक्षा तक के 42 लाख 76 हजार 881 छात्र भाग लेंगे। गुणोत्सव 2024 का पहला चरण 4 जनवरी को शुरू होगा और 6 जनवरी को समाप्त होगा। जिसमें बरपेटा, करीमगंज, कामरूप, कार्बी आंगलोंग, कोकराझाड़, लखीमपुर, नगांव, शिवसागर, दक्षिण सालमारा-मानकचार और उदालगुरी सहित 12 जिले शामिल होंगे। इस चरण के लिए स्व-मूल्यांकन 3 जनवरी को निर्धारित है, जबकि बाह्य मूल्यांकन 4 से 6 जनवरी तक होगा। दूसरा चरण 10 जनवरी को शुरू होगा और 12 जनवरी को समाप्त होगा। जिसमें बाक्सा, बिश्वनाथ, चिरांग, चराईदेव, धेमाजी, धुबड़ी, गोलाघाट, हैलाकांदी, जोरहाट, कामरूप (मेट्रो), शोणितपुर, तिनसुकिया और तामुलपुर जैसे 13 जिले शामिल होंगे। इस चरण के लिए स्व-मूल्यांकन 9 जनवरी को निर्धारित किया गया है, जबकि बाहरी मूल्यांकन 10 से 12 जनवरी तक होगा। अंत में, तीसरा चरण 6 फरवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। जिसमें बंगाईगांव, दरंग, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, कछार, नलबाड़ी, मोरीगांव, डिमा हसाउ, माजुली और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जैसे जिले शामिल होंगे। स्व-मूल्यांकन 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, इसके बाद 6, 7 और 8 फरवरी को बाहरी मूल्यांकन किया जाएगा। गुणोत्सव 2024 के परिणाम 15 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे घोषित होने की उम्मीद है। इस व्यापक शैक्षिक मूल्यांकन कार्यक्रम का नेतृत्व सर्व शिक्षा असम (एसएसए) मिशन निदेशक द्वारा किया गया है और असम में शैक्षिक मानकों में सुधार में इसकी भूमिका के लिए महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया गया है। यह पहल न केवल शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, बल्कि इसके मूल्यांकन मानदंडों में सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों और सामुदायिक सेवा को भी शामिल किया गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है।

## गुवाहाटी में पिता-पुत्री की हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में पिता-पुत्री की हत्या करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि गुवाहाटी के बोरागांव निवासी बनजीत दास (42) बीते कल एक हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आज अस्पताल में उनका निधन हो गया। मृतक दास और उनकी बेटी पर बुधवार को उनके घर के अंदर हमलावरों के एक समूह ने हमला किया था। हमले के तुरंत बाद उनकी बेटी ने दम तोड़ दिया। जबकि दास की ईलाज के दौरान आज मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि कल घटना के बाद घायल अवस्था में मृतक दास को पहले एक्सेल केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में मस्तिष्क की सर्जरी के लिए गौहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) में स्थानांतरित कर दिया गया। आज अस्पताल में उनका निधन हो गया। इस बीच, मामले की जांच कर रही गरचुक पुलिस ने मृतक के भाई, एक ड्राइवर और दो मजदूरों सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ की जा रही है।

## घंटों तक ब्रह्मपुत्र में फंसी रही माजुली जाने वाली जहाज

**माजुली ( हिंस )।** जोरहाट और माजुली के बीच चलने वाली फेरी सेवा का एक जहाज ब्रह्मपुत्र में आज फंस गया। जानकारी के अनुसार जोरहाट के निमातीघाट से एमवी शप्तेश्वरी नामक जहाज रवाना हुआ था। माजुली के कमालाबाड़ी जानेवाली यह जहाज कुछ देर बाद ही ब्रह्मपुत्र में फंस गई। कई घंटों तक जहाज ब्रह्मपुत्र में फंसी रही। इस जहाज में 200 अधिक यात्री के साथ कई वाहन के और मोटरसाईकिल सवार थे। यात्रियों में इस घटना को लेकर अफरा तफरी मच गई। बाद में लोगों को इसमें से सुरक्षित निकाल लिया गया।

## आलुआबाड़ी रोड स्टेशन पर कैपिटल एक्सप्रेस को हरी झंडी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** रेल यात्रियों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए ट्रेन संख्या 13247/13248 (कामाख्या-राजेन्द्र नगर-कामाख्या) कैपिटल एक्सप्रेस में आलुआबाड़ी रोड स्टेशन पर दो मिनट के लिए अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया कि रायगंज की सांसद देबाश्री चौधरी ने आलुआबाड़ी रोड स्टेशन पर नए ठहराव के साथ कैपिटल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रेन संख्या 13247 (कामाख्या-राजेन्द्र नगर) कैपिटल एक्सप्रेस आलुआबाड़ी रोड स्टेशन पर 16:58 बजे पहुंचेगी और 17:00 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में, ट्रेन संख्या 13248 (राजेन्द्र नगर-कामाख्या) कैपिटल एक्सप्रेस आलुआबाड़ी रोड स्टेशन पर 10:15 बजे पहुंचेगी और 10:17 बजे प्रस्थान करेगी।

## मंत्री जयंत मल्ल ने नलबाड़ी आयुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक की

**नलबाड़ी ( हिंस )।** असम सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने आज नलबाड़ी के जिला आयुक्त कार्यालय में एक समीक्षा बैठक कर जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि आज जिला आयुक्त और नलबाड़ी के अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जिले में लागू की जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और संबंधित विभागों को योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। मंत्री ने चल रही योजना का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

## गैस पाइपलाइन में विस्फोट, एक महिला सहित तीन लोग घायल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में गुरुवार दोपहर को एक गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। यह घटना गुवाहाटी शहर के वीआईपी रोड पर मैगजीन नामक स्थान पर हुई, जहां गैस पाइपलाइन फटने के बाद तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया है। घायलों की पहचान राजू कलिता, देबजीत शर्मा और रीना टाइड के रूप में हुई है। पाइप फटने से एक चार पहिया वाहन और एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**Advertisement for Pre-Matric and Post-Matric Scholarship for SC & OBC Students for the year 2023-24.**

The Directorate of Welfare of Scheduled Castes and Other Backward Classes, Assam invites online application from the Students belonging to **Scheduled Castes** and **Other Backward Classes** community of Assam through National Scholarship Portal (NSP) for :

1) Pre-Matric (Class-[X & X) [Component-I]
2) Pre-Matric Scholarship to the children of those Engaged in Occupation involving Cleaning and Prone to Health Hazards (Class I-X) [Component-II].
3) Post-Matric Scholarship

**Eligibility Criteria:**

1) Only SC and OBC Community Students are eligible to apply for the respective Scholarship.
2) Income Ceiling (Pre-Matric (Class-[IX & X) [Component-I] and Post-Matric Scholarship for SC & OBC Students):
   a) Annual Parental/Guardian's Income: Scholarships will be granted to the SC and OBC students whose parental/guardian's income from all sources does not exceed Rs.2.5 lakhs per annum. The income certificate should be obtained only from the Circle Officer of respective Revenue Circle.
3) Income Ceiling (Pre-Matric (Class I-X) [Component-II] Scholarship):
   a) No income bar for the children of those Engaged in Occupation involving Cleaning and Prone to Health Hazards.
4) Children of those Engaged in Occupation involving Cleaning and Prone to Health Hazards, Eligible candidates will submit a certificate from District Social Welfare office, identified officer of Local body, Civic Agency or any such authority as designated by State Government.

**For Applicants :**

1) Applicants are advised to apply online application for the above scholarship schemes on the website of National Scholarship Portal at http://scholarship.gov.in for both Fresh and Renewal.
2) Applicants are advised to give only that bank account details which remains in active mode so that payment of Scholarship does not fail as all the disbursement of Scholarship will be made through DBT mode. The authority shall not be responsible for any failure of transaction due to inactive or incorrect bank details.
3) Applicants to ensure that they have a bank account seeded with Aadhaar number.
4) Aadhaar to be made mandatory for all applicants. However for minor applicants who apply without Aadhaar, it will be mandatory for parent or legal guardian to provide Aadhaar.
5) To ensure smooth transition, Aadhaar-based One-time Password (OTP) will be permitted for 2023-24.
6) The above conditions will be applicable for both fresh and renewal.

**Date for Submission for all Scholarship in respect of SC & OBC Students under NSP Portal**

| | |
|---|---|
| Last date for submission of applications for Fresh Scholarship (first time applicant) | 10th February, 2024 |
| Last date for submission of applications for Renewal Scholarship (applicant who has got scholarship during 2022-23 by students.) | 10th February, 2024 |
| Last date for verification of defective application at Institute Level | 15th February, 2024 |

Director,
Welfare of SC & BC, Assam
Guwahati-06

*-- Janasanyog /D/ 15460/ 23*

# पृष्ठ एक का शेष

### व्यक्ति की तरह ...

स्वयंसेवक संघ उत्तर असम प्रांत के तत्वावधान में किया गया। इस एकदिवसीय सम्मेलन में पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों के 48 सत्रों के सत्राधिकार तथा 37 विभिन्न धार्मिक संस्थानों से कुल 104 धर्माचार्यों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी संप्रदायों के बीच संपर्क, समन्वय, सद्भाव और समरसता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना है। इस कार्य के लिए परस्पर सहयोग का आह्वान किया गया। इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर के सभी संप्रदायों की समस्याओं पर चिंतन-मंथन हुआ। इस एक दिवसीय सम्मेलन में पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख संतों में त्रिपुरा के शांतिकाली आश्रम से चितरंजन जी महाराज, उत्तर कमलाबारी सत्र के जनार्दनदेव गोस्वामी, आऊनी आटी सत्र, दक्षिणपात सत्र, गड़मूर सत्र, बरपेटा के श्री सुंदरिया सत्र, नामसाई बोधि बिहार के श्री भंते, परशुराम कुंड के बाबा श्रीमंत शंकरदेव संघ, जयंतिया हिल्स के डलोई श्री पूरामोन किंजिन, झेलियांग रांग हररका, बोड़ो बलि बाथो समाज, राजश्री भाग्यचंद्र फाउंडेशन मणिपुर, लखीमन संघ, कार्गु गामगी समाज और असम सत्र महासभा आदि के संत विशेष रूप से उपस्थित थे। सरसंघचालक डॉ. भागवत का दो दिवसीय माजुली प्रवास का समापन शुक्रवार को एक जनसभा के बाद होगा।

### जयपुर और दिल्ली...

और कहां से आया, अधिकारी इसका पता लगा रहे हैं। दरअसल, बुधवार देर रात को राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों की कस्टमर केयर की आईडी पर ईमेल आया कि जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, चेन्नई और अहमदाबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि सर्च के दौरान कुछ नहीं मिलने पर सीआईएसएफ की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने को लिखित में शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर ईमेल भेजने वाले का पता लगा रही है।

### कतर में आठ भारतीयों ...

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हमने *दहारा ग्लोबल* मामले में कतर की अपीलीय अदालत के आज के फैसले पर गौर किया, जिसमें सजा कम कर दी गई है। कतर की अपीलीय अदालत के इस फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कुछ हफ्ते पहले ही, दुबई में *सीओपी28* शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात की थी। 1 दिसंबर को हुई मुलाकात के बाद, मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर चर्चा की। नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को जासूसी के आरोप में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था और कतर की एक अदालत ने अक्तूबर में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। सभी भारतीय नागरिक दोहा स्थित *दहारा ग्लोबल* कंपनी के कर्मचारी थे। उनके खिलाफ आरोपों को कतर के अधिकारियों ने सार्वजनिक नहीं किया था। निजी कंपनी कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। भारत ने इस सजा के खिलाफ पिछले महीने कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपीलीय अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाते रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। उसने कहा कि इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। इन 8 पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन नवतेज गिल भी शामिल हैं। उन्हें राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था जब उन्होंने नौसेना अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। बाद में उन्होंने तमिलनाडु के वेलिंग्टन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षक के तौर पर भी कार्य किया। इन पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, एस पकाला और नाविक रागेश शामिल हैं। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा सुनाई गई थी उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश है। ये सभी कतर में दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वॉड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं।

### मप्र : बस में लगी...

बस को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई यात्रियों ने बस के दरवाजे, खिड़की से कूद कर जान बचाई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची, लेकिन तब तक बस भीषण आग की चपेट में थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन बस में आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं दिया। जानकारी मिलते ही गुना कलेक्टर तरुण राठी और पुलिस अधीक्षक विजय खत्री भी घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे की भयावहता इसी से समझा जा सकता है कि शव उठाने के दौरान अंग अलग होकर गिर रहे थे। हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हुई है। बस के अंदर से जो शव निकाले गए, उनमें सात एक-दूसरे से चिपके हुए थे। इनको बाहर निकालने तक में कर्मचारियों के हाथ कांप रहे थे। शव ऐसे जले कि उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस अधीक्षक विजय खत्री ने बताया कि बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में बस में बुधवार रात साढ़े आठ बजे के करीब आग लगने की घटना हुई, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। बस में सवार 16 लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया है। वहीं, 13 लोगों की जलने की वजह से मौत हो गई है। शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। आग से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बस दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने के निर्देश दिए हैं। गुना कलेक्टर तरुण राठी ने बताया कि गुना-आरोन मार्ग पर डंपर और बस की टक्कर होने से बस में आग लग गई। आगे की जांच जारी है। मृतकों की पहचान नहीं हुई है। अस्पताल में भर्ती कई की हालत गंभीर है। हमारी प्राथमिकता शवों को बरामद करना और घायलों का इलाज करना है।

### राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री...

घायलों के उचित उपचार के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए हैं। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि मध्य प्रदेश के गुना में हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की तौत का समाचार दुखद है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्विट कर कहा कि मध्य प्रदेश के गुना में सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुना पहुंचे और स्थानीय शासकीय जिला चिकित्सालय पहुंचकर हादसे में घायल बस यात्रियों से मिले और उनका हालचाल जाना। यादव ने अस्पताल के चिकित्सकों से भी घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें समुचित उपचार के निर्देश दिए। गुना रवाना होने से पहले भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बुधवार रात गुना जिले में हुई घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मैंने जिले के कलेक्टर, एसपी व अन्य अधिकारियों से बात कर घटना की पूरी जानकारी ली है। साथ ही मैंने जांच के भी आदेश दिए हैं, जो भी इसके पीछे जवाबदार होंगे, मैं विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। ऐसी घटना दोबारा न हो, इस बात की हम पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़कों पर इस तरह के जो भी डेंजर जोन हैं, उनको चिन्हित कर वहां आवश्यक प्रबंध किया जाएगा। दु:ख की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सरकार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ी है। दरअसल, गुना में डंपर से टक्कर के बाद बस में आग लगने से 13 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जलने के बाद कई मृतकों की पहचान करना तक मुश्किल हो गया। बस में सवार ज्यादातर लोग गुना से अपने घर आरोन लौट रहे थे। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से झुलसे 16 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटना की खबर मिलने पर अपनों की तलाश में लोग अस्पताल पहुंचे और मोबाइल से उनके फोटो लेकर लोगों को दिखाते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। गुना अस्पताल के बाहर रोते हुए एक बुजुर्ग महिला अपनी बेटी को याद कर रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी को घर बुलाया था, वह इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। अस्पताल में सभी से पूछ लिया. लेकिन वह मिल नहीं रही है, ना ही उसके बारे में कोई कुछ बता पा रहा है। बुजुर्ग महिला के साथ आए स्वजनों की आंखों में से भी आंसू नहीं थम रहे थे। वहीं, 11वीं कक्षा का छात्र सक्षम कुशवाह भी इसी बस में सवार था, जो प्रतिदिन कोचिंग के लिए गुना परिमाल चौहान से पड़ने गुना आता था। बुधवार को भी कोचिंग पड़ने के बाद बस से आरोन जा रहा था, लेकिन उसका अभी तक कोई पता नहीं चला है। उसके परिजन जिला अस्पताल में उसका फोटो दिखाकर जानकारी ले रहे हैं। लेकिन अभी तक उसकी कोई जानकारी नहीं लगी है। बस हादसे में घायल हल्की बाई ओझा अपने परिजनों के साथ इसी बस में सवार थीं। उन्हें बुधवार को ही जमानत मिलने पर वापस अपने घर आरोन जा रही थीं। इस हादसे में उनके एक परिजन की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। हल्की बाई और उनके परिजनों को करीब तीन-चार दिन पहले शासकीय कार्य में बाधा के चलते जेल भेजा गया था।

### गणतंत्र दिवस पर...

संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। ट्रैक्टर के साथ-साथ अन्य वाहन और मोटर बाइक भी परेड में शामिल होंगे। एसकेएम ने कहा कि 10 जनवरी से 20 जनवरी, 2024 तक 20 राज्यों में एसकेएम की राज्य इकाइयां घर-घर जाकर और पर्चा वितरित करके बड़े पैमाने पर जन जागरण अभियान चलाएंगी। इस जन अभियान का उद्देश्य भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक आर्थिक नीतियों को उजागर करना है।

### प्रियंका की बढ़ी ...

कारोबारी सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी। बड़े मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी शामिल है, जिसकी मनी-लॉन्ड्रिंग, विदेशी मुद्रा और काले धन कानूनों के उल्लंघन और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के लिए कई एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही है। वह 2016 में भारत से ब्रिटेन भाग गया था। थंपी पर ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के साथ मिलकर भंडारी को अपराध की कमाई छिपाने में मदद करने का आरोप लगाया गया है। ईडी ने मामले से संबंधित अपने पहले आरोपपत्र में थम्पी के कथित करीबी सहयोगी के रूप में रॉबर्ट वाड्रा का नाम शामिल किया है। ताजा आरोप-पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि पाहवा को भूमि अधिग्रहण के लिए बही-खातों से नकदी प्राप्त हो रही थी। यह भी देखा गया कि रॉबर्ट वाड्रा ने पाहवा को बिक्री का पूरा भुगतान नहीं किया। इस संबंध में ईडी की जांच अभी भी जारी है। हालांकि कि उपरोक्त उल्लिखित लेनदेन को दर्शाने वाले पाहवा की पुस्तकों में बही खातों की प्रतिलिपि 17 नवंबर, 2023 के पत्र के माध्यम से रिकॉर्ड में ली गई थी। चार्जशीट के मुताबिक, रॉबर्ट वाड्रा ने क्रमश: 1 नवंबर, 2007 और 16 नवंबर, 2007 को भारत में स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और स्काई लाइट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से इकाइयां शामिल कीं। इन्हें कॉर्पोरेट मंत्रालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया है। जबकि, संयुक्त अरब अमीरात में स्काई लाइट इन्वेस्टमेंट एफजेडई नामक इकाई को 1 अप्रैल, 2009 को सीसी थम्पी के साथ इसके एकमात्र शेयरधारक के रूप में शामिल किया गया था। आरोप-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा ने 1 नवंबर, 2007 को भारत में ब्लवे ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक इकाई बनाई, जिसे बाद में एलएलपी में बदल दिया गया। जब यह एक प्राइवेट लिमिटेड इकाई थी और बाद में जब यह एलएलपी में परिवर्तित हो गई। उक्त संस्थाओं के निगमन दस्तावेज कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए थे। यह वही ईमेल आईडी है जिस पर दुबई में सीसी थम्पी की कर्मचारी बीना, लंदन के 12 ब्रायनस्टन स्क्वायर की संपत्ति के संबंध में बातचीत करती थी। एक अन्य पीएमएलए मामले (ईसीआईआर/ओजी/एचआईयू2018 से संबंधित) में जांच के दौरान रॉबर्ट वाड्रा, उनकी इकाई स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ जांच की जा रही है, यह पाया गया है कि दिल्ली एनसीआर का निवासी महेश नगर है। दिल्ली-एनसीआर और बीकानेर, राजस्थान में जमीन के विभिन्न टुकड़ों की खरीद और बिक्री के समय रॉबर्ट वाड्रे की विभिन्न संस्थाओं का प्रतिनिधित्व किया कि यह बताया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में लंदन में एक संपत्ति की खरीद के संबंध में रॉबर्ट वाड्रा का भी उल्लेख किया था जो जांच का हिस्सा है। वाड्रा और थम्पी के बीच संबंधों का विवरण देते हुए आरोप पत्र में कहा गया है कि इस मामले में जांच के दौरान यह पाया गया कि सीसी थम्पी और रॉबर्ट वाड्रा के बीच एक लंबा और गहरा रिश्ता मौजूद है। न केवल एक व्यक्तिगत/सौहार्दपूर्ण बंधन, बल्कि सामान्य और उनके बीच समान व्यापारिक हित भी पाए जाते हैं। जनवरी 2020 में गिरफ्तार किए गए थंपी ने कथित तौर पर ईडी को बताया कि वह वाड्रा को 10 साल से अधिक समय से जानता है और वे वाड्रा की यूएई के साथ-साथ दिल्ली की यात्राओं के दौरान कई बार मिले थे।

### अगर गरीबी एक...

कि सरकार चलाने का काम केवल 90 आईएएस अधिकारी करते हैं। यही अधिकारी सरकार की नीतियां और बजट बनाने का काम करते है। राहुल ने बताया कि इन 90 लोगों में केवल तीन अधिकारी ही ओबीसी हैं। अगर यह हकीकत है तो ये सरकार खुद को ओबीसी वालों की सरकार कैसे कहलवाती है। राहुल गांधी ने मांग की कि सरकार स्पष्ट करे कि भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में कितने ओबीसी और दलित हैं। आजादी से पहले भारत में ब्रिटिश शासन और राजशाही थी। उस समय राजा जो कहता वही सत्य होता। फिलहाल देश में हालात वैसे ही हैं। राहुल ने आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसी बात नहीं सुनना चाहते। राहुल ने कहा कि पहले देश में छुआछूत जैसी कुरीतियां थीं। मौजूदा समय में देश को उसी रास्ते पर ले जाया जा रहा है। राहुल ने ऐलान किया कि यदि कांग्रेस को केंद्र में सत्ता मिली तो देश में जातिगत जनगणना करवाई जाएगी।

### अलविदा 2023 : दरकते ...

सक्रिय हुईं और राहत-पुनर्वास के इंतजाम किए गए। काफी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविर में रहने को मजबूर होना पड़ा। देश की तमाम विशेषज्ञ संस्थाओं ने जोशीमठ पर अध्ययन शुरू किया। प्रशासन को ऐसे कुछ भवनों को भी गिराना पड़ा, जो कि एक तरफ झुक गए थे और जिनसे जान-माल के नुकसान की बड़ी आशंका थी। जोशीमठ का संकट जैसे-तैसे थमा, तो चिंता इस बात की सताने लगी थी कि इस बार की चार धाम यात्रा का भविष्य क्या होगा ? खास तौर पर श्री बद्रीनाथ धाम में यात्री जोशीमठ संकट को देखते हुए आएंगे भी कि नहीं, लेकिन सारी आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं और चार धाम यात्रा जमकर चमकी। न सिर्फ बद्रीनाथ धाम, बल्कि श्री हेमकुंड साहिब, जहां की यात्रा जोशीमठ से होकर ही संचालित होती है, वहां भी खूब तीर्थयात्री पहुंचे। पिछली बार कुल 46 लाख यात्रियों ने हेमकुंड साहिब सहित चार धामों में पहुंचकर मत्था टेका था। इस बार यह संख्या 50 लाख तक पहुंच गई। अकेले श्री बद्रीनाथ धाम में 16 लाख यात्रियों का आना हुआ, जबकि श्री हेमकुंड साहिब में पौने दो लाख यात्री पहुंचे। श्री केदारनाथ धाम में कुल 17 लाख यात्रियों की आमद दर्ज की गई।

### सारे मतभेद भुलाकर...

जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। शाह ने मौजूदा सांसदों को उसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में जीती हुई चार सीटों को छोड़कर बाकी सीटों पर पार्टी की स्थिति की भी जानकारी ली। इसके पहले शाह दोपहर में विमान से नई दिल्ली से हैदराबाद के शमशाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस बैठक के बाद अमित शाह ने हैदराबाद की ऐतिहासिक चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# भाजपा प्रशासन तंत्र का दुरुपयोग नहीं करती : पीयूष

**डिमा हसाउ ( हिंस )।** राज्य के सूचना प्रसारण, जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रशासन तंत्र का दुरुपयोग नहीं करती है। वे आज उत्तर कछार पर्वतीय परिषद के चुनाव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भाजपा को वोट नहीं देने वाले भी हमारे ही लोग हैं। इसलिए उनके प्रति हमारे मन में कोई विद्वेश नहीं है। मंत्री ने कहा कि सभी को मिलजुल कर मतदान में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिषद की कुल 28 सीटों में से छह सीटें भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुके हैं। शेष 22 सीटों में से कम से कम 20 सीटें जरूर भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर कछार क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भाजपा को समर्थन दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में असम माला योजना के तहत डिमा हसाउ में चौड़ी-चौड़ी सड़के बनाई



गई है। डिमा हसाउ से होते हुए सिलचर जाने वाले राजमार्ग का काम भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस नाम की कोई चीज चुनाव में नहीं है। भाजपा राज्य में जीत रही प्रत्येक चुनाव की तरह यह चुनाव भी पूर्ण बहुमत से जीतेगी। इस दौरान मंत्री ने पत्रकारों के अन्य कई सवालों के भी सीधे-सीधे उत्तर दिए।

# मारवाड़ी सम्मेलन, फकीराग्राम शाखा का प्रतिष्ठा दिवस आयोजित

**कोकराझाड़ ( विभास )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन, फकीराग्राम शाखा की महिलाओं ने शिव मंदिर के प्रांगन में प्रतिष्ठा दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य में शाखा की अध्यक्षा श्री मती सरिता शर्मा ने झंडा उत्तोलन किया तथा सभी सदस्यों ने मिलकर समाज के बुजुर्ग महिला रुक्मिणी देवी शर्मा, गिन्नी देवी अग्रवाल, श्री मती पुष्पा देवी अग्रवाल, भंवरी देवी शर्मा और कैलाश देवी को फुलाम गामोछा से सम्मानित किए गए। इसके अलावा उन्हें मानपत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा सरिता शर्मा, उपाध्यक्ष सलोचना पोद्दार, सचिव शिल्पा अग्रवाल, उप सचिव पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कविता अग्रवाल तथा सभी महिला सदस्या अंजू अग्रवाल, सीता तिवारी, शोभा खेमका, कविता अग्रवाल, पिंकी शर्मा, सरोज गर्ग साथ में और भी महिला सदस्या उपस्थित थीं।



# मालीगांव गौशाला में मना अटल सेवा सप्ताह

**गुवाहाटी ( विभास )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारत पत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित अटल सेवा सप्ताह के तहत भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा असम की ओर से विभिन्न तरह के सेवा कार्य जारी है। इसी क्रम में वृस्पतिवार को संस्था की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती संतोष शर्मा के नेतृत्व में मालीगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला में गौ माता के लिए सवामणी के साथ गुड व चारा भी प्रदान किया। अटल सेवा सप्ताह के चौथे दिन संयुक्त का ममता शर्मा, मधु लूणीया, मीना सोनी, संतोष धानुका की देखरेख में आयोजित गौ सेवा कार्यक्रम में मंत्री डिंपल शर्मा, प्रोग्राम



मे अध्यक्ष संतोष शर्मा मंत्री डिम्पल शर्मा, कोषाध्यक्ष शांति कुंडलिया, रेखा गोयल, सपना सराफ, संजू शर्मा, अनीता गुप्ता, सरोज काकड़ा, दीपिका अग्रवाल, सरला बजाज, इंद्रा जिंदल आदि सदस्याए मौजूद थीं।

# बंगाईगांव के दवा विक्रेताओं का राज्य उप कर आयुक्त को स्मारक पत्र प्रदान



**बंगाईगांव।** दवा विक्रेताओं की संस्था बंगाईगांव केमिस्टस एंड ड्रैगिस्ट एसोसिएशन ने राज्यीक उप कर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि पूरे असम के साथ साथ बंगाईगांव में भी व्यापारियों को 2017-18 एवं 2018-19 से संबंधित वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत बिक्री कर के मिस मेच के नोटिस प्राप्त हुए हैं। इस संदर्भ में बंगाईगांव केमिस्टस एंड ड्रैगिस्ट एसोसिएशन ने भार प्राप्त उप कर आयुक्त उदिपतो बोरा एवं सहायक कर आयुक्त श्री देवोजित घोष को संयुक्त रूप से एक स्मारक पत्र प्रदान किया। संगठित तरीके से अपना व्यापार चला रहे दवा व्यापारी ऐसे नोटिसों से आहत है तथा मिसमैच के मिलाने की जिम्मेदारी विक्रेता पर होनी चाहिए ना कि क्रेता पर। विक्रेता की भूल के लिए क्रेता को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। दोनों अधिकारियों ने दवा व्यापारियों की बात को बहुत ध्यानपूर्वक सुना एवं आश्वासन दिया जहां तक हो सकेगा वे व्यापारियों की सहायता करेंगे तथा सभी व्यापारीयों से कागजी कार्रवाई उचित समय में करने का अनुरोध किया। अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई। दवा विक्रेता संस्था की ओर से इस प्रतिनिधि मंडल में भार प्राप्त अध्यक्ष अरुप कुमार मलिक, सचिव अशोक चौधरी, कोषाध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल के अलावा नीताई पाल, परेस कुंडू, सुशांत दतो, उत्तम विश्वास, विश्वजीत भट्टाचार्य जी शामिल थे।

# राज्य में करीब 27 लाख लोग अभी भी आधार कार्ड से वंचित हैं

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया में असम आधार संयोजन मांग समिति द्वारा बृहस्पतिवार को एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य आह्वायक सामसुल हक के नेतृत्व में रंगिया प्रेस क्लब प्रांगण में आयोजित इस पत्रकार सम्मेलन द्वारा बताया गया कि राज्य में लगभग 27 लाख लोग ऐसे हैं जो आधार कार्ड के बिना सभी क्षेत्रों से वंचित हैं। असम में राराष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की अंतिम सूची को अपडेट करने के दौरान लगभग 27 लाख लोगों का बायोमेट्रिक डाटा लिया गया था। उस समय जिन लोगों का बायोमेट्रिक लिया गया था, उन्हें बताया गया था कि उनके आधार कार्ड उनके पते पर भेज दिये जायेंगे। लेकिन अब भी लाखों लोग आधार केंद्रों में आकर हताश हो रहे है। उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों के बायोमेट्रिक्स को लॉक कर दिया गया है क्योंकि भारत सरकार के नागरिक पंजीयक द्वारा अभी तक एनआरसी को सूचित नहीं किया गया है। इसलिए जब भी कोई व्यक्ति आधार केंद्र पर आधार कार्ड के लिए आवेदन करता है तो उसका बायोमेट्रिक लॉक होने के कारण उनका आवेदन खारिज कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2018 में




उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुमोदित स्टैण्डर्ड संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कहा गया कि जिन लोगों को 31 जुलाई, 2018 को प्रकाशित ड्राफ्ट एनआरसी सूची से बाहर रखा गया है, उन्हें *दावे* और *आपत्तियां* प्रक्रिया के दौरान सुना जाएगा। और बायोमेट्रिक विवरण को जमा करना बाध्यतामूलक किया गया था। उसके पश्चात राज्य में 27 लाख लोग ऐसे हैं जिन्हें आधार कार्ड के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से समिति द्वारा सरकार से इसबारे में उचित भूमिका निभाने की मांग की। वहीं एक सप्ताह के भीतर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर आधार संयोजन मांग समिति ने उग्र आंदोलन करने की धमकी दी है।

# बीटीसी विधानपरिषद का शीतकालीन सत्र आयोजित, कई विधेयक पारित

**कोकराझाड़ ( विभास )।** बीटीसी विधानपरिषद के एक दिवसीय शीतकालीन सत्र में बोड़ोलैंड को बाल अधिकार, बालश्रम मुक्त सहित ग्रीन बोड़ोलैंड बनाने के विधेयक पारित किया गया। बीटीसी विधानपरिषद के एक दिवसीय शीतकालीन सत्र के दौरान बोड़ोलैंड को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से ग्रीन बोड़ोलैंड नामक विधेयक पारित किया गया। वहीं सदन में सर्वसम्मति से बोड़ोलैंड को बाल अधिकार तथा बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए भी विधेयक पारित किया गया। विधानपरिषद में बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोरो ने दोनों विधेयकों को रखा जिसे लंबी बहस के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया। सदन में विधानपरिषद के सदन में नेता प्रतिपक्ष देरहासात बसुमतारी ने पिछले 17 सितंबर को फोरेस्ट बटालियन के हाथों हल्टुगांव फोरेस्ट डिवीजन के झारबारी रेंज में सेरफानगुड़ी के ज्ञानपुरी के निवासी हेमंत नार्जारी के मौत के मामले को उठाया और अभी तक मृतक के परिवार को बीटीसी सरकार द्वारा उचित मुआवजा नहीं देने का सवाल उठाया। जिस पर फोरेस्ट विभाग के कार्यकारी सदस्य रंजीत



बसुमतारी ने उत्तर दिया। देरहासात बसुमतारी ने सवाल किया कि उक्त मामले की जांच कराई गई थी जिसका रिपोर्ट अभी तक पेश नहीं किया गया है। सदन में यह भी बताया गया कि बीटीसी का केंद्रीय चयन बोर्ड का गठन फिर से होगा जिसके मार्फत तीसरे और चौथे ग्रेड के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाएगा। सत्र के बाद बीटीसी सरकार के प्रवक्ता तथा कार्यकारी सदस्य अरुप कुमार दे और विल्सन हासदा ने कहा कि बीटीसी अंचल के विकास के लिए प्रमोद बोरो नेतृत्व वाली यूपीपीएल, भाजपा और जीएसपी की सरकार काम करते आ रही है। हमारी सरकार ने बीटीसी के सभी जाति जनगोष्ठी के 35 लाख जनता के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है। लेकिन विरोधी दल हमारे उपर आरोप लगाते आ रहे हैं कि हमारी सरकार काम नहीं कर पाई है और सदन में कहती है कि हमने डेमोक्रेसी की हत्या की है। हमने ग्रीन बोड़ोलैंड और बोड़ोलैंड को बाल अधिकार तथा बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए भी विधेयक पारित किया है ऐसा विधेयक पारित करने के विषय में कभी बीपीएफ ने सोचा भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम एक योजना के तहत नया बोड़ोलैंड बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोद बोरो के नेतृत्व में बीटीसी के विकास के लिए नया नया कदम उठाया जा रहा है। हम जो कदम उठा रहे हैं असम के अंदर ऐसा एक भी काउंसिल नहीं होगा जो ऐसा कदम उठाया होगा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष देरहासात बसुमतारी ने बीटीसी सरकार पर विभिन्न योजनाओं के नाम पर घोटाला करने के आरोप लगाते हुए कई सवाल उठाए।

# इंट्राकार्डियक इको गाइडेड लैंब्रे लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज क्लोजर का पहला मामला प्रदर्शित

**गुवाहाटी।** कावेरी हॉस्पिटल, चेन्नई एक अग्रणी मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थकेयर श्रृंखला है, जिसने भारत का पहला इंट्राकार्डियक इको-गाइडेड लैंब्रे लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज (एलएए) क्लोजर किया है। लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज (एलएए) को बंद करने के लिए एक शल्य चिकित्सा या न्यूनतम आक्रामक प्रक्रिया है, जो बाएं एट्रियल की मांसपेशियों की दीवार में एक छोटी सी थैली है। इसे हटाने या बंद करने से स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है और रक्त पतला करने वाली दवा लेने की आवश्यकता खत्म हो सकती है। क्योंकि लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज एक छोटी थैली है, रक्त वहां एकत्र होता है और एलएए और अपेंडेज में थक्के बना सकता है। जब हृदय रक्त के थक्कों को पंप करता है, तो वे स्ट्रोक का कारण बन सकते हैं। हृदय बंद बाएं अपेंडेज के साथ अपना काम करना जारी रख सकता है। 80 वर्षीय मरीज को रक्त वाहिका ब्लॉक, गंभीर फुफ्फुसीय उच्च रक्तचाप, हृदय विफलता, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गैस्ट्रिक अल्सर और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के साथ-साथ अपेंडेज फिब्रिलेशन और पिछले मामूली स्ट्रोक के लिए बाईपास सर्जरी का इतिहास था। आलिंद फिब्रिलेशन एक अनियमित हृदय ताल है जो हृदय से रक्त के थक्कों के कारण स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाता है। स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए, रक्त को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, लेकिन ये एजेंट पेट से या मस्तिष्क के अंदर रक्तस्राव के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। मरीज को लैंब्रे नामक एलएए क्लोजर डिवाइस की पेशकश की गई, जिसे कावेरी अस्पताल में डॉ. राजाराम अनंतरामन, डॉ. दीप चंद राजा और टीम द्वारा इंट्राकार्डियक इको मार्गदर्शन के साथ सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। दूसरे दिन उन्हें बिना खून पतला करने वाली दवा के छुट्टी दे दी गई। इंट्राकार्डियक इकोकार्डियोग्राफी (आईसीई) एक अद्वितीय इमेजिंग पद्धति है जो हृदय संरचनाओं के उच्च-रिजॉल्यूशन वास्तविक समय दृश्य प्रदान करने में सक्षम है, और हृदय के भीतर कैथेटर स्थान की निरंतर निगरानी की सुविधा भी प्रदान करती है। अपेंडेज फिब्रिलेशन और उच्च रक्तस्राव जोखिम वाले रोगियों के लिए सबसे उपयुक्त उपचार विकल्प सर्जरी के बिना कमर में रक्त वाहिका के माध्यम से एक उपकरण के साथ एलएए को बंद करना है। डॉ. राजाराम अनंतरामन, वरिष्ठ सलाहकार इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कावेरी अस्पताल, चेन्नई कहते हैं।

Assam Schedule VIII, Form No. 160 — **NDPS. 72/ 2017**
High Court Criminal Process No. 4

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE
OF A PERSON ACCUSED
----------------------
No. IV, Schedule V, Act V, 1898
(Section 87 of the Code of Criminal Procedure)
-------------------------

| | | |
|---|---|---|
| (1) | Name, description and address | Whereas complaint has been made before me that (1) Ester Ebdwer **S/O - Dinesh Endwer Vill. - Bengtol P.S. - Runikhata, District- Chirang** |
| (2) | Has Committed on is suspected to have committed | (2)<br>the offence of punishable under section- u/s **120(B)/420 IPC**<br>to Indian Penal Code, and it has been returned to a warrant of arrest R/W 21(c) NDPS Act |
| (3) | Name | thereupon issued the said (3) **Accused** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said (4) **Accused** |
| (4) | Have absconded or is in concealing himself to avoid the service of the said warrant. | Proclamation is hereby made that the said (4) **Accused** of is required to appear at (5) **Sessions Judge, Kamrup (M)** |
| (5) | Place | before (6) Sessions Judge, Kamrup (M) to |
| (6) | This Court or | Answer the said complaint on the **17.01.2024.**<br>Dated this **21.11.2023** |

***-- Janasanyog /D/ 15437 / 23***

Sd/- Special Judge (NDPS),
Kamrup(M), Guwahati

**ADVERTISEMENT**

No. **RKG/77/2023-RKG-DBR/848 :** In pursuance of Govt. Letter No DLR-11015(12)/3/2022-ACC310, dtd.01/11/2023 and DLR-11014/33/2023-SRV/5. Dated. 14/12/2023 a **Walk-In-interview** for engagement of **GIS Assistant** at Dibrugarh District is going to be organized on **12/01/2024** at the **Training Hall** of the office of the District Commissioner, Dibrugarh. The period of engagement will be purely on contractual basis **till 31-March-2024 subject to extension (upto March-2025 tentatively).**

The intending candidates are requested to appear before the interview board on **12/01/2024** from **10.00 A.M.** onwards alongwith duly filled up resume. Original documents for verification and xerox copies of all the supporting documents.

**Eligibility criteria for GIS Assistant in the Circle Office**

| SN | Criteria | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Post | GIS Assistant |
| 2 | Number of Vacancy | 1 per Revenue Circle (Total 7 nos. vacancy) |
| 3 | Duration of Engagement | Till 31-Mar-2024 subject to extension (upto March-2025 tentatively) |
| 4 | Place of Work | Respective Revenue Circle Office |
| 5 | Job Responsibilities | ■ Digitization of geospatial data of Cadastral and Non-cadastral villages.<br>■ Cadastral Map updation in Bhunaksha<br>■ Perform quality assurance checks on GIS data to ensure accuracy and completeness.<br>■ Preparation of GIS-related reports, presentations, and data visualizations.<br>■ Provide GIS-related technical support to team members and end-users.<br>■ Drone photo/HRSI interpretation etc.<br>■ Utility of survey machinery in land mapping viz RTK GNSS Rovers, ETS, DGPS etc. |
| 6. | Age | Above 21 years and not more than 45 years as on 01/01/2023. |
| 7. | Required Qualification | **Essential Qualification**<br>■ Bachelor's degree in Geography/Geology / Mathematics/Geo-informatics / Physics/ Computer Science or a related field with Certificate/Diploma in GIS & Remote Sensing or in Geo-informatics.<br>Or<br>■ M.Tech./M.Sc. in GIS & Remote sensing/ Geo-informatics;<br>■ MCA/ M.A/ M.Sc. in Geography/ Geology/ Mathematics/ Environmental Science with Geo-informatics as one of the subject or Certificate or Diploma in GIS/Remote Sensing or Geo-informatics.<br>**Desirable Qualification**<br>■ Proficiency in GIS software such as Arc GIS, QGIS, Global Mapper or other industry-standard applications.<br>■ Familiarity with spatial data formats (e.g., Shape files, GeoJSON, KML) and coordinate systems.<br>■ Knowledge of geospatial analysis, image processing techniques, data collection through drone survey and tools for development of geospatial data, use of HRSI for land mapping, modern survey techniques using RTK GNSS Rovers, DGPS, ETS etc.<br>■ Effective communication and teamwork skills.<br>■ Ability to work independently and prioritize tasks effectively.<br>■ Prior experience in a GIS-related role or internship is preferred but not mandatory. |
| 8 | Experience | ■ Preference will be given to those candidates having relevant work experience of minimum 01 year.<br>■ Preference will be given to the RCCC trained candidates having command over GIS. |
| 9. | Skills | ■ Proficiency in Arc Desktop, Arc Pro, AutoCAD, Global Mapper<br>■ Proficiency in MS Word, Excel, Power Point, Google Docs / Spreadsheets and<br>■ Fluency in Assamese, Hindi and English is required. |
| 10 | Remuneration | Rs. 25,000/- per month (fixed) |
| 11 | Documents needed in the Interview | 1. Detailed Curriculum Vitae.<br>2. Photo Identity & Address Proof.<br>3. Original Educational Certificates (HSLC onwards) for verification.<br>4. Work Experience Certificates<br>5. Photocopy of all the certificates, mark sheets, experience certificates etc. to be submitted in the interview. |
| 12 | Place of Interview | Office of the District Commissioner, Dibrugarh P.O.- C.R. Building, Near Chowkidinghee Field, Dist - Dibrugarh, Assam, PIN - 786003 |
| 13 | Terms and conditions | 1. No TA/DA and official accommodation will be provided for appearing in the interview.<br>2. The offer is purely contractual and co-terminus with the end of the projects/ requirement with no provision of regularization.<br>3. The Director/District Commissioner reserves the right to cancel/postpone the interview without assigning any reason thereof. |

***-- Janasanyog /D/ 15450/ 23***

**District Commisioner**
**Dibrugarh**


## गोगामेडी हत्याकांड के शूटर रोहित राठौड की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर



**जयपुर ( हिंस )।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड के शूटर रोहित सिंह राठौड़ के जयपुर के खातीपुरा इलाके में सुंदरवन कॉलोनी में किया गया अवैध निर्माण गुरुवार को ग्रेटर नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। इस मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक क्राइम एंड एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि शूटर रोहित सिंह राठौड़ द्वारा खातीपुरा इलाके में अवैध कब्जा की सूचना मिलने पर इस बारे में संबंधित नगर निगम को अवगत कराया गया। गुरुवार को पुलिस दल की मौजूदगी में ग्रेटर नगर निगम द्वारा खातीपुरा के सुंदर नगर में शूटर रोहित राठौड के किए गए अवैध निर्माण को तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि पांच दिसंबर को जयपुर के श्याम नगर इलाके में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की उनके घर में बातचीत के बहाने घुसे दो हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी थी। शूटर की पहचान रोहित सिंह राठौड़ निवासी गांव जूसरी थाना मकराना हाल जसवंत नगर जयपुर एवं नितिन फौजी निवासी थाना सदर महेंद्रगढ़ हरियाणा के रूप में की गई।

# राजस्थान के छह जिलों में मिले कोरोना के छह नए मामले

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन-1 से पीड़ित मरीज अब बढ़ रहे हैं। प्रदेश में गुरुवार को छह जिलों में छह नए मरीज इस वेरिएंट के सामने आए। दो मरीजों की रिकवरी होने के बाद सक्रिय मामले 36 रह गए। कोरोना वायरस ने एक बार फिर तेजी से फैल रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 ने लोगों में दहशत पैदा कर दी है। कई राज्यों में लगातार कोविड के मरीजों में इजाफा हो रहा है। राजस्थान में भी कोरोना को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। चिकित्सा विभाग की ओर से कोरोना को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। पिछले दिनों प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़े हैं, जिसकी वजह से चिकित्सा महकमा चिंतित है। प्रदेश में गुरुवार को विभिन्न जिलों



में 1149 सैम्पल्स की जांच में छह नए मरीज सामने आए। ये मरीज सीकर, नागौर, झालावाड़, जयपुर, भरतपुर और बांसवाड़ा में मिले। भरतपुर और झुंझुनूं में एक-एक संक्रमित रिकवर हुआ। प्रदेश में कोरोना के 36 मामले हैं। इनमें सर्वाधिक 20 मामले जयपुर में है।

## काशी के बाद राजस्थान में भी उठी 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग

**जयपुर ( हिंस )।** काशी के बाद अब राजस्थान में भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठने लगी हैं। राजधानी जयपुर के व्यापार महासंघ ने प्रदेश सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। महासंघ के कोषाध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल ने कहा कि भगवान रामलला अयोध्या में विराजमान होने वाले हैं। यह दिन संपूर्ण भारत के लिए बहुत गौरव व सम्मान का दिन हैं। राजस्थान भी अपने रामलला के इस भव्य आयोजन के एक- एक क्षण को उत्सव की तरह मनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। इसलिए इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि काशी (वाराणसी) के संतों ने भारत सरकार को पत्र लिखकर पहले ही इस 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग कर डाली हैं।

## भिवानी में हथियारों का जखीरा बरामद, तीन गिरफ्तार




**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भिवानी पुलिस ने गांव नकीपुर के एक खेत में बने घर पर छापा मारकर अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यहां से 17 अवैध पिस्तौल, एक कारबाइन, आठ अतिरिक्त मैगजीन व 53 कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने गुरुवार को बताया कि सीआईए स्टाफ-2 भिवानी इंचार्ज निरीक्षक रविंद्र कुमार गश्त पड़ताल ड्यूटी गांव पहाड़ी टी पॉइंट पर मौजूद थे। उन्हें सूचना मिली कि कुछ अपराधीप्रवृत्ति के लोग मध्य प्रदेश के इंदौर से भारी मात्रा में अवैध हथियार का जखीरा लेकर आए हैं और नकीपुर निवासी एक व्यक्ति के खेत में बने मकान में छुपा रखा है। सूचना के आधार पर इंचार्ज रविंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ गांव नकीपुर के खेतों में बने एक मकान पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से 17 अवैध पिस्तौल, एक कारबाइन, आठ अतिरिक्त मैगजीन व 53 कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

## पंजाब में स्कूली बच्चों को मिड डे मील में मिलेंगे फल

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब मिड-डे मील में फल भी वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में पंजाब सरकार ने गुरुवार को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग ने मिड-डे-मील के मेन्यू में मामूली बदलाव किया है। अब विद्यार्थी खाने में काले चने, कढ़ी और राजमा का स्वाद भी उठा पाएंगे। शिक्षा विभाग मिड डे मील में अब बच्चों को सप्ताह में एक दिन खाने के साथ केला या अन्य फल भी देगा। राज्य के सरकारी, सरकारी एडेड, प्राइमरी व एलिमेंट्री स्कूलों में पढ़ाई कर रहे 17 लाख विद्यार्थियों को खाना मुहैया करवाया जाता है। स्कूल कमेटियां सारी चीजों पर नजर रखेंगी। केंद्र सरकार के आदेश पर पंजाब एजुकेशन डिपार्टमेंट ने मिड डे मील स्कीम का राज्य के 10 जिलों में सोशल ऑडिट करवाया था। इस दौरान शिक्षकों तथा अभिभावकों ने मिड डे मील में फ्रूट देने का सुझाव दिया था। शिक्षा विभाग की तरफ से नया मेन्यू जनवरी से मार्च माह तक जारी किया गया है। इसके लिए विभाग 5 रुपए प्रति केला के हिसाब से फंड जारी करेगा।

## ड्रोन से फेंकी गई हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पाकिस्तान ने एक बार फिर से ड्रोन घुसपैठ करके भारतीय सीमा में हेरोइन गिराई है। बीएसएफ ने जांच के दौरान ड्रोन से गिराई गई 325 ग्राम हेरोइन को बरामद कर लिया है। थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। अभी वह मच्छीवाड़ा गांव के पास पहुंचे थे कि तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि माछीवाड़ा निवासी दर्शन सिंह के खेत में पाकिस्तानी ड्रोन के माध्यम से तस्करों ने हेरोइन मंगवाई गई है। इस सूचना पर बीएसएफ के साथ पुलिस ने सर्च अभियान चलाया और खेत से पड़े हेरोइन के पैकेट को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## परिवार पहचान पत्र योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम : अभय सिंह

**नारनौल ( हिंस )।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा गुरुवार को नारनौल खंड के गांव कारोता व नांगल शालू, नांगल चौधरी खंड के गांव शहबाजपुर व दताल, कनीना खंड के गांव मौड़ी व मानपुरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के निहालावास व गडानिया गांव में पहुंची। गांव शहबाजपुर में नांगल चौधरी विधायक डॉ. अभय सिंह यादव, मौड़ी में अटेली विधायक सीताराम यादव व गडानिया में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार मौजूद रहे। वहीं कारोता में प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भिवानी मनीष मित्तल व



नांगल शालू में पूर्व पार्षद पृथ्वी सिंह एडवोकेट, दताल में पंचायत समिति चेयरमैन धौली कर्मपाल, मानपुरा में ब्लॉक समिति चेयरमैन जयप्रकाश तथा निहालावास में एसईपीओ अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विधायक डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। अटेली विधायक सीताराम यादव ने गांव मौड़ी में कहा विकसित भारत बनाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प यात्रा गांव-गांव पहुंचने के आदेश के साथ अंतिम व्यक्ति को लाभ देने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष की आयु तक के 84 लाख 81 हजार बैंक खाता धारकों का दुर्घटना मृत्यु जोखिम कवर बीमा किया गया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु तक के 32 लाख 72 लाख लोगों का पंजीकरण किया गया है।



# अविस्मरणीय होगा प्रधानमंत्री का राममय अयोध्या में आगमन : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को *अविस्मरणीय समारोह* बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह, अयोध्या के महापौर सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को अयोध्या जाने वाले थे। मौसम की खराब होने की वजह से वह नहीं जा पाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में *विकास के नए युग* के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाया जाए। अधिकारी भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है। ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें। जनसभा स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो और उन पार्किंगों के पास पर्याप्त जन सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाए। चिकित्सकों की तैनाती करें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह समारोह बड़ा है। बड़ी संख्या में जनभागीदारी होगी। इसलिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। एरियल सर्विलांस भी हो। वर्दीधारी सुरक्षाकर्मियों के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस की तैनाती की जाए। प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन कराएं। निकटवर्ती जिलों के प्रशासन से संवाद कर यातायात प्रबंधन की रणनीति लागू करें। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर कहीं जाम न लगे। डायवर्जन के बारे में समय से प्रचार-प्रसार करें। प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को आकर्षक ढंग से सजाएं। रूट में पड़ने वाली दुकान/व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहें। व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान की साज सज्जा के लिए प्रोत्साहित करें।

## समाजवादी हमेशा उठाते रहे हैं पीडीए और आधी आबादी की बात : अखिलेश यादव

**लखनऊ ( हिंस )।** पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) और आधी आबादी की बात हमेशा समाजवादी लोग उठाते रहे हैं। सबसे ज्यादा गैर बराबरी का सामना अगर किसी को करना पड़ता है तो वे हमारी यही माताएं-बहनें हैं। सबसे ज्यादा असुरक्षित महिलाएं कहीं दिखाई दे रही हैं तो उत्तर प्रदेश में है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में कही। वे महिला सभा सम्मेलन को गुरुवार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो चुनाव होने जा रहा है 2024 का, समाजवादी महिला संगठन पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी को जिताने का काम करेगा। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा के चुनाव के लिए लगातार तैयारी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी को 80 सीटें हराने का काम यही गठबंधन करेगा।

## रांची में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत कार के परखच्चे उड़े

**रांची ( हिंस )।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास इन्क्लेव बूटी के पास रांची-हजारीबाग रोड पर तेज रफ्तार कार के बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारने के कारण चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें रिम्स भेजा। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बरियातू बस्ती व ओरमांझी के रहने वाले थे। सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि गुरुवार रात करीब दो बजे की घटना है। स्विफ्ट डिजायर कार से राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इन्क्लेव के बीच सड़क हादसा हो गया। इसमें कार चालक समेत कार में बैठे अन्य तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में ओरमांझी निवासी राजू साह, बरियातू निवासी अफरोज आलम, साबिर अंसारी और अमीर हुसैन हैं। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना की आवाज सुनकर अगल-बगल के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े। साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और रिम्स भिजवाया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## जदयू के अंदर सब कुछ ठीक, सालाना पार्टी की बैठक होती है, नया कुछ भी नहीं : नीतीश

### तेजस्वी ने कहा, अनर्गल खबर चल रही है



**पटना ( हिंस )।** भूतपूर्व वित्त मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता स्व. अरुण जेटली की जयंती के मौके पर सीएम नीतीश ने पटना में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने पार्टी के अंदर किसी भी तरह के अंतर्कलह से इनकार करते हुए कहा कि जदयू कोर कमेटी की हर साल बैठक होती है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जदयू की बैठक पहले से दिल्ली में तय है। यह सामान्य बैठक है। हर वर्ष हम लोग इस तरह की बैठक करते हैं। सीएम ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर पार्टी में ऐसा कुछ भी नहीं है। साल में हम लोगों एक बार राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की बैठक करते हैं। पार्टी के अन्दर सब कुछ सामान्य है। भाजपा के साथ जाने के सवाल पर उन्होंने इसे कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ललन सिंह के इस्तीफे की खबर पर मीडिया से बात की और बड़े ही सधे हुए अंदाज में जवाब दिया कि हमलोगों ने लाखों नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया। यह किसी को पच नहीं रहा है। इसलिए अनर्गल खबर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया भी हमारी उपलब्धि को नहीं दिखाती है। पत्रकारिता जो तीन-तीन महीने पर इस तरह के आधारहीन खबर चलाने के लिए जागती रहती है और गलत खबर चलाती है तो इसपर क्या ही कहना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हो रहे काम और मुद्दे को लोग ढंकना चाह रहे हैं। इसलिए इस तरह की अफवाह उड़ाई जा रही है।


**NOTICE**

E-99603/09 : Interested eligible candidates are hereby invited to attend "Walk-in- Interview" for filling up to 5 (Five) Nos GIS Assistant under Bongaigaon District for engagement on contractual basis under Directorate of Land Records & Surveys etc. Assam, Rupnagar, Guwahati to be held on 12/01/2024 (Friday) from 10.00 AM onwards.

**Eligibility criteria for GIS Assistant in the Circle Office**

| SN | Criteria | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Post | GIS Assistant |
| 2 | Number of Vacancy | 5 Nos. |
| 3 | Duration of Engagement | Up to 31st March, 2024 (subject to extension by Govt.) |
| 4 | Place of Work | Respective Revenue Circle Office |
| 5 | Job Responsibilities | ■ Digitization of geospatial data of Cadastral and Non-cadastral villages.<br>■ Cadastral Map updation in Bhunaksha<br>■ Perform quality assurance checks on GIS data to ensure accuracy and completeness.<br>■ Preparation of GIS-related reports, presentations, and data visualizations.<br>■ Provide GIS-related technical support to team members and end-users.<br>■ Drone photo/HRSI interpretation etc.<br>■ Utility of survey machinery inland mapping viz RTKGNSS Rovers, ETS, DGPS etc. |
| 6. | Age | Above 21 years and not more than 45 years as on 01/01/2023. |
| 7. | Required Qualification | Essential Qualification<br>■ Bachelor's degree in Geography/Geology / Mathematics/Geo-informatics / Physics/ Computer Science or any related field with Certificate/Diploma in GIS & Remote Sensing or in Geo-informatics.<br>Or<br>■ M.Tech./M.Sc. in GIS & Remote sensing/ Geo-informatics; |
| | | ■ MCA/ M.A/ M.Sc. in Geography/ Geology/ Mathematics/ Environmental Science with Geo-informatics as one of the subject or Certificate or Diploma in GIS/Remote Sensing or Geo-informatics.<br>**Desirable Qualification**<br>■ Proficiency in GIS software such as Arc GIS, Q GIS, Global Mapper or other industry-standard applications.<br>■ Familiarity with spatial data formats (e.g., Shape files, Geo JSON, KML) and coordinate systems.<br>■ Knowledge of geospatial analysis, image processing techniques, data collection through drone survey and tools for development of geospatial data, use of HRSI for land mapping, modern survey techniques using RTKGNSS Rovers, DGPS, ETS etc.<br>■ Effective communication and teamwork skills.<br>■ Ability to work independently and prioritize tasks effectively.<br>■ Prior experience ina GIS-related role or internship is preferred but not mandatory. |
| 8 | Experience | ■ Preference will be given to those candidates having relevant work experience of minimum 01 year.<br>■ Preference will be given to the RCCC trained candidates having command over GIS. |
| 9. | Skills | ■ Proficiency in Arc Desktop, Arc Pro, AutoCAD, Global Mapper<br>■ Proficiency in MS Word, Excel, Power Point, Google Docs / Spread sheets and<br>■ Fluency in Assamese, Hindi and English is required. |
| 10 | Remuneration | Rs. 25,000/- per month (fixed) |
| 11 | Documents needed in the Interview | 1. Detailed Curriculum Vitae.<br>2. Photo Identity & Address Proof.<br>3. Original Educational Certificates (HSLC onwards) for verification.<br>4. Work Experience Certificates<br>5. Photocopy of all the certificates, mark sheets, experience certificates etc. to be submitted in the interview. |
| 12 | Place of Interview | O/o District Commissioner, Bongaigaon |
| 13 | Terms and conditions | 1. No TA/DA and official accommodation will be provided for appearing in the interview.<br>2. The offer is purely contractual and co-terminus with the end of the projects/ requirement with no provision of regularization.<br>3. The Director/District Commissioner reserves the right to cancel/postpone the interview without assigning any reason thereof. |

Sd/-
**District Commissioner**
**Bongaigaon**

*-- Janasanyog /D/15427/ 23*




# मजबूत हुई बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफसी, उच्च पूंजी अनुपात-मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता में वृद्धि

**नई दिल्ली।**
देश की बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफसी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। इसकी प्रमुख वजह उच्च पूंजी अनुपात, मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता और आय में शानदार वृद्धि है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दोनों को अपनी संचालन व जोखिम प्रणाली प्रबंधन पर ध्यान देना होगा।

भारतीय बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। 2018-19 में शुरू हुआ सुधार का यह सिलसिला 2022-23 में भी जारी रहा। इससे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के सकल एनपीए यानी फंसे कर्ज में कमी आई है। आरबीआई की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, संपत्ति गुणवत्ता में सुधार पर जोर से बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2023-24 की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर अवधि में घटकर 10 साल के निचले स्तर 3.2 फीसदी पर आ गया। मार्च, 2023 में यह 3.9 फीसदी था।

इसी प्रकार, खुदरा और सेवा क्षेत्रों को कर्ज बढ़ने के साथ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के एकीकृत बही-खाते में 2022-23 के दौरान 12.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह 9 साल में सबसे ज्यादा है। इस दौरान बैंकों में जमा की रफ्तार भी बढ़ी है। हालांकि, कर्ज वृद्धि की तुलना में यह कम है।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले बढ़कर 14,483 पहुंच गए। लेकिन, इनमें शामिल राशि पिछले साल की तुलना में सिर्फ 14.9 फीसदी रही है। पहली छमाही में 2,642 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 14,483 मामले सामने आए। एक साल पहले की समान अवधि में 17,685 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 5,396 मामले सामने आए थे। 2022-23 में बैंकों ने धोखाधड़ी के मामलों के छह साल के निचले स्तर पर आ जाने की बात कही, जबकि धोखाधड़ी में शामिल औसत राशि एक दशक में सबसे कम थी।


भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए 2023 का साल काफी अच्छा रहा है। चालू वित्त वर्ष में देश के सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में सरकारी बैंकों ने करीब 68,500 करोड़ कमाए हैं। दूसरी छमाही में भी यह रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है। 2022-23 में सरकारी बैंकों का मुनाफा 1.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

अब सरकारी प्रतिभूतियों में भी कर्ज का लेन-देन हो सकेगा। आरबीआई ने इससे जुड़े दिशा-निर्देश बुधवार को जारी कर दिए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। निर्देशों के मुताबिक, ट्रेजरी बिल को छोड़कर केंद्र सरकार जो भी प्रतिभूति जारी करती है, उसका कर्ज के रूप में लेन-देन हो सकेगा। इस कदम से सरकारी प्रतिभूति बाजार में तरलता बढ़ेगी और सही मूल्यांकन हो सकेगा। आरबीआई ने कहा, बैंकों और एनबीएफसी दोनों को अपनी ग्राहक सेवाओं को और बेहतर बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिलायंस का दुनिया के टॉप 10 समूहों में आने का लक्ष्य: मुकेश अंबानी

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि उनकी अगुवाई वाला रिलायंस समूह



कभी भी अपनी उपलब्धियों से 'आत्मसंतुष्ट' नहीं होगा बल्कि यह दुनिया के टॉप 10 व्यापारिक समूह का हिस्सा बनेगा। उन्होंने समूह के संस्थापक धीरूभाई अंबानी की जयंती 'रिलायंस फैमिली डे' पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुकेश अंबानी ने मुंबई में गुरुवार को 'रिलायंस फैमिली डे' पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रिलायंस अब डिजिटल डेटा मंच और कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी अपनाने में वैश्विक कंपनियों के बीच अपनी जगह और मजबूत करने का लक्ष्य बना रही है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत दुनिया की पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, एक अभूतपूर्व अवसर भी रिलायंस का इंतजार कर रहा है। उल्लेखनीय है मुंबई में एक छोटी कपड़ा विनिर्माण इकाई से शुरुआत करते हुए रिलायंस ने पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतरी और देश में इसकी सबसे बड़ी उत्पादक बन गई। रिलायंस समूह ने वर्ष 2005 में खुदरा क्षेत्र में प्रवेश किया और अब यह देश में किराना स्टोर, बड़ी दुकानें और ऑनलाइन खुदरा कारोबार की सबसे बड़ी परिचालक है। रिलायंस ने 2016 में दूरसंचार सेवा जियो की शुरुआत की थी, जो गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा कंपनी है। फिलहाल, दुनिया में रिलायंस जियो तीसरे स्थान पर है।

### देश का कोयला उत्पादन 12.29 फीसदी बढ़कर 664.37 मिलियन टन पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** देश का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 में (एक अप्रैल से 25 दिसंबर, 2023) के दौरान बढ़कर 664.37 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान उत्पादित 591.64 मिलियन टन से 12.29 फीसदी अधिक है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 25 दिसंबर तक कोयला का उत्पादन 664.37 मिलियन टन तक रहा है। आंकड़ों के मताबिक कोयला का प्रेषण इस अवधि के दौरान 692.84 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 622.40 मिलियन टन की तुलना में 11.32 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। इसके अलावा 25 दिसंबर, 2023 तक बिजली क्षेत्र को कुल कोयला डिस्पैच 8.39 फीसदी बढ़कर 577.11 मिलियन टन तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान यह 532.43 मिलियन टन रहा था। यह वृद्धि बिजली क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर और मजबूत कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर तक खदानों, थर्मल पावर प्लांटों, पारगमन आदि सहित कुल कोयला का स्टॉक 91.05 मिलियन तक पहुंच गया है, जो 21.57 फीसदी की सराहनीय वृद्धि को दर्शाती है। मंत्रालय ने बताया कि इसके अतिरिक्त, 25 दिसंबर तक कोल इंडिया लिमिटेड में पिटहेड कोयले का स्टॉक 47.29 मिलियन है, जो पिछले साल 25 दिसंबर को 30.88 मिलियन के कोयला स्टॉक की तुलना में 53.02 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.10 डॉलर यानी 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 79.75 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 74.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

**घरेलू शेयर बाजार में तेजी जारी, लगातार दूसरे दिन बना मजबूती का नया रिकॉर्ड**

# पहली बार 21,800 अंक तक पहुंचा निफ्टी निवेशकों को 1.69 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।**
घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन भी तेजी बनी रही। गुरुवार को कारोबार में शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने मजबूती का ट्रिपल रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऑल टाइम हाई लेवल पर खुले, दिन के कारोबार में सर्वोच्च शिखर तक पहुंचे और अंत में ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

गुरुवार को दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी इंडेक्स को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी बनी रही। एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में गुरुवार को सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। गुरुवार को कारोबार में रियल्टी, एफएमसीजी, पावर, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स 1 प्रतिशत से लेकर 2 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी गुरुवार को खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ गुरुवार को कारोबार का अंत किया।

गुरुवार को बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन गुरुवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 363 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 361.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को गुरुवार को कारोबार से करीब 1.69 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।



गुरुवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,920 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,825 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,963 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 132 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में गुरुवार को 2,140 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 958 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,182 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स गुरुवार को ओपन ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 224.24 अंक की मजबूती के साथ 72,262.67 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान होती नजर आई। इसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन दोपहर 11 बजे के बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया। इसकी वजह से ये सूचकांक 445.91 अंक की छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 72,484.34 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद हुई मामूली बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 371.95 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 72,410.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी गुरुवार को ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 60.25 अंक की तेजी के साथ 21,715 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद इस सूचकांक ने खरीदारी के सपोर्ट से रफ्तार पकड़ ली और दोपहर 1 बजे के करीब 146.70 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च शिखर 21,801.45 अंक तक पहुंच गया। हालांकि बाद में मुनाफावसूली की वजह से हुई बिकवाली के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे भी गिरा। इसके बावजूद इस सूचकांक ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 123.95 अंक की बढ़त के साथ 21,778.70 अंक के स्तर पर गुरुवार को कारोबार का अंत किया।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया 4.20 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.75 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 2.68 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.56 प्रतिशत और डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज 2.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ गुरुवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

दूसरी ओर अडाणी एंटरप्राइजेज 1.18 प्रतिशत, लार्सन एंड टूब्रो 0.73 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.73 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 0.68 प्रतिशत और एलटी माइंडट्री 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गुरुवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना-चांदी की बढ़ी चमक



**नई दिल्ली।**
शादी का सीजन खत्म हो जाने के बावजूद वैश्विक तेजी के कारण घरेलू सर्राफा बाजारों में गुरुवार को भी तेजी बनी रही। गुरुवार को तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी गुरुवार को 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर या इसके करीब कारोबार करता नजर आया। चांदी की कीमत में गुरुवार को मामूली तेजी दर्ज की गई। दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गया।

देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को 24 कैरेट सोना 64,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 64,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 59,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी

**दिल्ली में 24 कैरेट सोना 64 हजार के पार**

तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 64,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 64,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 58,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 64,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 64,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना गुरुवार को 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कैट को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद देश में आर्थिक वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली।**
कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में आर्थिक वृद्धि का अनुमान जताया है। कारोबार संगठन कैट की मानें तो भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जनवरी में करीब 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भारत में 50 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यापार होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त व्यापार की मांग को पूरा करने के लिए सभी राज्यों में व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को 'राम राज्य दिवस' के रूप में घोषित किया जाए, क्योंकि श्री राम भारत की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता एवं मर्यादा के प्रतीक हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद जनवरी में भारत में पर्याप्त आर्थिक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में व्यापार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

खंडेलवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में कुर्ता, टी-शर्ट और अन्य वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं, जिन पर राम मंदिर के मॉडल की हाथ से कढ़ाई और छपाई हो रही है। देश के सभी बाजारों में बड़ी मात्रा में श्रीराम ध्वजा, श्रीराम अंग्वस्त्र सहित श्रीराम के चित्र से अंकित मालाएं, लाकेट, चाबी के छल्ले, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार का सामान दुकानों में उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान में सभी वर्गों को व्यापार दिलाने तथा घर घर-दुकान दुकान श्रीराम का जयघोष करने के लिए कैट ने सभी राज्यों के व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर एक बड़े समन्वय का काम अपने जिम्मे लिया है।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूत संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी

**नई दिल्ली।**
ग्लोबल मार्केट से गुरुवार को मजबूत संकेत मिल रहे हैं। हालांकि अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिलेजुले परिणाम के साथ बंद हुए। लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गुरुवार को बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। वहीं, यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एशियाई बाजारों में भी गुरुवार को तेजी का माहौल बना हुआ है।



अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। लेकिन आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,772.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डैक ने 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,077.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गुरुवार को 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 37,711.19 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 7,724.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,571.82 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,742.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में गुरुवार को आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ 1 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में निक्केई इंडेक्स 165.48 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,515.76 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,739 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.88 प्रतिशत मजबूत होकर 2,636.46 अंक के स्तर पर बना हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स अभी तक 1.61 प्रतिशत उछल कर 3,221.77 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 273.58 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,898.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,900.34 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,417.30 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.55 प्रतिशत उछल कर 7,285.68 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,947.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

**मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के मास्टरस्ट्रोक ने किया मालामाल**

# कमाई में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी भी पिछड़े

**नई दिल्ली।**
मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल ऑक्शन के दौरान सबसे महंगे बिकने वाले आस्ट्रेलियाई पेसर माइकल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। दरअसल माइकल स्टार्क के लिए आईपीएल ऑक्शन के दौरान 24.75 करोड़ रुपये की बोली लगी थी, पर अब क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने अपने महज एक फैसले से महज नौ महीनों में 26.5 करोड़ रुपये कमाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया है। सचिन ने यह कारनामा हैदराबाद स्थित एक कंपनी में निवेश कर किया है।

**सचिन को नौ महीने किए गए निवेश पर मिला मोटा मुनाफा**-सचिन तेंदुलकर ने हैदराबाद की कंपनी आजाद इंजीनियरिंग में नौ महीने पहले पांच करोड़ रुपये का निवेश किया था। गुरुवार को जब आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों की आईपीओ के बाद शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई तो तेंदुलकर को अपने निवेश पर करीब 531% का जबरदस्त मुनाफा हुआ। आईपीओ की लिस्टिंग के बाद सचिन तेंदुलकर को कुल 26.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ और इस तरह उन्होंने आईपीएल के ऑक्शन में सबसे महंगे 24.5 करोड़ रुपये में बिके खिलाड़ी माइकल स्टॉर्क को मात दे दी है।

एयरोस्पेस कंपोनेंट और टर्बाइन बनाने वाली कंपनी आजाद इंजीनियरिंग के शेयर गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर 35 फीसदी प्रीमियम के साथ 710 के भाव पर लिस्ट हुए। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयरों की लिस्टिंग 37.40 फीसदी की प्रीमियम के साथ 720 रुपये के भाव पर हुई।

कंपनी ने आईपीओ खुलने के दौरान



शेयरों के लिए 499-524 रुपये का प्राइस बैंड तय किया था। ग्रे-मार्केट कंपनी के शेयर 60 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ ट्रेड कर करते दिखे थे। जिसके बाद इसकी शानदार लिस्टिंग की उम्मीद की जा रही थी।

**तेंदुलकर के पास है आजाद इंजीनियरिंग के 4,38,210 शेयर**- इस साल छह मार्च को मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने कंपनी में करीब पांच करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी थी। कंपनी के आईपीओ के पहले स्टॉक स्प्लिट और बोन इश्यू के जरिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने 4,38,210 शेयर हासिल किए थे। उनकी ओर से किए गए शेयरों के अधिग्रहण की औसत लागत 114.1 रुपये प्रति शेयर थी। आगे जब कंपनी का 740 करोड़ रुपये का आईपीओ आया तो तेंदुलकर ने शेयरों को बनाए रखने का फैसला किया। आईपीओ के बाद शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग के दौरान मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का यह फैसला मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ।

एनएसई पर आजाद इंजीनियरिंग के शेयर 720 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए, इस तरह निवेशकों को इश्यू प्राइस 524 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 37.4% का बड़ा मुनाफा हुआ। इस बंपर लिस्टिंग के कारण पांच करोड़ रुपये के सचिन तेंदुलकर के निवेश का मूल्य अब बढ़कर 31.5 करोड़ रुपये हो गया है।

आजाद इंजीनियरिंग के आईपीओ ने केवल सचि तेंदुलकर को ही मोटा मुनाफा नहीं दिया है। उनके अलावे देश की तीन अन्य बड़ी खेल हस्तियां भी इससे लाभान्वित हुईं हैं। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग से पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और वीवीएस लक्ष्मण जैसे खिलाड़ियों को भी फायदा पहुंचा है।

इन सभी ने कंपनी में एक करोड़ रुपये का निवेश किया था, लेकिन 'मास्टर ब्लास्टर' ने जिस कीमत पर इसे खरीदा था, उससे दोगुनी कीमत पर। उनके लिए अधिग्रहण की औसत लागत 228.17 रुपये प्रति शेयर थी। हालांकि इसके बावजूद उन्हें अपने निवेश पर 215% का शानदार रिटर्न मिला है। उनकी हिस्सेदारी का मूल्य अब 3.15 करोड़ रुपये हो गया है।




# महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी: स्वीटी, जैस्मिन ने जीता स्वर्ण, रेलवे बना चैंपियन

**ग्रेटर नोएडा।**

मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन (60 किग्रा) ने ग्रेटर नोएडा के जीबीयू इंडोर स्टेडियम में चल रहे 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्गों में खिताबी जीत हासिल की।

रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित आठ पदकों के साथ लगातार चौथी टीम चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में, तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत और एक कांस्य के साथ, हरियाणा ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) एक स्वर्ण पदक, दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वीटी 81 किग्रा वर्ग में लालफाकमावी राल्टे के खिलाफ बहुत मजबूत दिखीं। स्वीटी ने 5-0 से आसान जीत हासिल की।

हालाँकि, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने वाली जैस्मीन के लिए यह उतना आसान नहीं था। पंजाब की मुक्केबाज सिमरनजीत कौर बाथ के खिलाफ उन्होंने एक कड़े मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। जैस्मीन को चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया और टीम उत्तर प्रदेश को फेयर प्ले पुरस्कार दिया गया। जहां यूपी की सोनिया ने बेस्ट चैलेंजर का पुरस्कार जीता, वहीं राजस्थान की ललिता बेस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर बनीं। फाइनल में प्रवेश करने वाले छह आरएसपीबी मुक्केबाजों में से पांच अपनी टीम के लिए स्वर्ण पदक लेकर लौटे।

आरएसपीबी की मुक्केबाज अनामिका (50 किग्रा) को पिछले साल रजत पदक से संतोष करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने इस संस्करण में हरियाणा की कल्पना पर 5-0 से जीत के साथ अपने पदक का रंग बेहतर किया।

इसके तुरंत बाद ज्योति ने एआईपी की शविंदर कौर सिद्धू पर 5-0 से आसान जीत दर्ज की और आरएसपीबी के लिए दूसरा पदक जीता। 54 किग्रा भार वर्ग में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही शिक्षा ने उत्तर प्रदेश की सोनिया को 5-0 से हराकर आरएसपीबी का तीसरा पदक जीता। 2016 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर ने 57 किग्रा वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में एसएससीबी की साक्षी के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। आरएसपीबी की मौजूदा चैंपियन नुपुर ने 81 किग्रा वर्ग में हरियाणा की रितिका को 5-0 से हराकर अपना ताज बरकरार रखा।


केवल आरएसपीबी की 75 किग्रा मुक्केबाज नंदिनी थीं, जिन्हें 2020 टोक्यो ओलंपियन हरियाणा की पूजा रानी से एकतरफा मुकाबले में 0-5 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

63 किग्रा वर्ग में ऑल इंडिया पुलिस की सोनू पर 5-0 से जीत दर्ज करने के बाद प्राची स्वीटी और पूजा के साथ हरियाणा की तीसरी स्वर्ण पदक विजेता बन गईं।

दो युवा विश्व चैंपियंस के बीच मुकाबले में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की अरुंधति चौधरी ने असम की अंकुशिता बोरो को 5-0 से हराया। यह टूर्नामेंट में एसएससीबी का दूसरा स्वर्ण पदक था, जिसमें 12 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने वाले 300 से अधिक मुक्केबाजों की उपस्थिति में रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### जॉर्ज फोसाती पेरू फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए



**लीमा।** पेरू फुटबॉल फेडरेशन (एफपीएफ) ने उरुग्वे के मैनेजर जॉर्ज फोसाती को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोसाती का कार्यकाल 2026 फीफा विश्व कप तक होगा। 71 वर्षीय फोसाती ने जुआन रेनोसो की जगह ली है, जिनका 18 महीने का कार्यकाल खराब नतीजों के बाद इस महीने की शुरुआत में समाप्त हो गया था। एफपीएफ के एक बयान में कहा गया है, "उरुग्वे के अनुभवी कोच ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ यह पद संभाला है।" पेरू के शीर्ष क्लब यूनिवर्सिटारियो के प्रभारी के रूप में नौ महीने की अवधि समाप्त करने के बाद फोसाती उपलब्ध हो गए। पूर्व गोलकीपर फोसाती, जिन्होंने तीन उरुग्वे कैप अर्जित किए, ने 30 से अधिक वर्षों के कोचिंग करियर में उरुग्वे और कतर की राष्ट्रीय टीमों के प्रभारी के रूप में काम किया है। एफपीएफ के अध्यक्ष अगस्टिन लोज़ानो ने कहा, "हमें इस बड़ी चुनौती को लेने के लिए जॉर्ज फोसाती के अनुभव और क्षमता पर भरोसा है।" पेरू वर्तमान में 2026 विश्व कप के लिए 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में दो ड्रॉ और चार हार के साथ अंतिम स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें स्वचालित रूप से फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के लिए अर्हता प्राप्त कर लेंगी, जबकि सातवीं रैंकिंग वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ़ के लिए आगे बढ़ेगी। 2026 विश्व कप, जिसमें विस्तारित 48-टीम प्रारूप होगा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा।

### खो खो: तेलुगु योद्धा के खिलाफ जीत चाहेगी गुजरात, चेन्नई क्विक गन्स का सामना राजस्थान वॉरियर्स से



**कटक।** अल्टीमेट खो खो सीज़न 2 में शुक्रवार को कटक के इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स का सामना तेलुगु योद्धा से होगा, जबकि चेन्नई क्विक गन्स का सामना राजस्थान वॉरियर्स से होगा। भारतीय खो खो महासंघ द्वारा प्रचारित, अल्टीमेट खो खो पहले सीज़न में एक बड़ी हिट बन गई, जो टेलीविजन दर्शकों की संख्या के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी गैर-क्रिकेट लीग बनकर उभरी। गुजरात जायंट्स फिलहाल दो मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने अपने पिछले मैच में मुंबई खिलाड़िज को 34-30 से हराया था और आगामी मुकाबले में भी वह वही प्रदर्शन दोहराना चाहेंगे। गुजरात जायंट्स के कप्तान अक्षय भांगरे ने कहा, "लीग में पिछले दो मैचों के बाद हमारी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है. हालांकि, हम फिलहाल अंक तालिका पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, हम हर खेल को उसी रूप में लेना चाहते हैं जैसे वह आता है और उसी दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।"

### प्रयागराज की तेजस्वनी व काजल का चयन उप्र स्कूल वॉलीबाल टीम में




**प्रयागराज।** महानगर की दो बालिकाओं का चयन उत्तर प्रदेश स्कूल की अंडर-17 व अंडर-14 वॉलीबाल टीम में हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि जिला वॉलीबाल संघ की सम्बद्ध इकाई जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा तेजस्वनी शुक्ला का चयन उप्र स्कूल की अंडर-17 बालिका वॉलीबाल टीम में किया गया है जो तमिलनाडु में 26 से 30 दिसम्बर तक आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय स्कूल बालिका वॉलीबाल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। इसके पूर्व भुवनेश्वर, उड़ीसा में 22 से 26 दिसम्बर तक अंडर-14 स्कूल राष्ट्रीय बालिका वॉलीबाल चैम्पियनशिप सम्पन्न हुई। जिसमें प्रयागराज की बालिका वॉलीबाल खिलाड़ी काजल यादव ने उप्र की अंडर-14 स्कूल बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश एवं जिला का नाम रोशन किया है। दोनो बालिका खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्कूल वॉलीबाल टीम में चयन होने पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व चेयरमैन जॉर्डन.एच.नाथ, प्रभात राय, आर.पी.शुक्ला, के.बी. एल.श्रीवास्तव, बी.एच.जैदी, प्रमोद राय आदि ने बधाइयां दी हैं।

## फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग चैंपियनशिप


# मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड भी जीते

**लंदन।**

इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की। ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकेंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।

### चेल्सी ने VAR ड्रामा के बाद क्रिस्टल पैलेज को शिकस्त दी

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए। इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45+1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। ऐसा लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ होगा, लेकिन पेनल्टी ने चेल्सी को जीत दिला दी।




### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन विला को रोमांचक मैच में हराया

एस्टन विला पर 3-2 से नाटकीय जीत दर्ज की। 26 मिनट में ही यूनाइटेड दो गोल से पिछड़ गया। इस प्रदर्शन पर मैनेजर एरिक टेन हैग की टीम की उसके समर्थकों ने ही हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने अपने खेल से समर्थकों को जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया। टेन हैग ने कहा कि 0-2 से पिछड़ने के बाद मैंने टीम से कहा कि सिर्फ अपने में विश्वास रखो, हम यह मैच जीतेंगे। चार मैचों से यूनाइटेड को न सिर्फ हार मिल रही थी बल्कि उसने कोई गोल भी नहीं किया था। 20 बार की ईपीएल विजेता यूनाइटेड इस सत्र में बुरे दौर से गुजर रही है, लेकिन इस मैच में उसने जबरदस्त वापसी की। तीसरे स्थान पर चल रहे एस्टन विला को पिछले 10 मैचों से हार नहीं मिली थी। जॉन मैक्गिन ने 21वें और लिएंडर डेंडोंकर ने 26वें मिनट में गोल कर विला को 2-0 से आगे कर एक बार जीत की उम्मीदें जगाईं।

### गरनाचो ने किए दो गोल

दूसरे हाफ में यूनाइटेड एकदम से बदली टीम नजर आई। 59वें मिनट अलजांद्रो गरनाचो ने गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने एक और गोलकर 2-2 की बराबरी दिला दी। मैच समाप्ति से आठ मिनट पहले रासमुस हाजलुंद ने गोलकर यूनाइटेड को 3-2 से बढ़त दिला दी। इस बढ़त को यूनाइटेड ने मैच के अंत तक कायम रखा। इस जीत से यूनाइटेड छठे स्थान पर आ गया है।

### मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया

क्लब वर्ल्ड कप जीतने वाले मैनचेस्टर सिटी की टीम को बुधवार को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी। पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा। हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी। हालांकि, दूसरे हाफ में सिटी के बर्नार्डो सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन किया और सिटी को बढ़त हासिल करने में मदद की। दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई।

### वोल्व्स के खिलाफ फुस्स हुए ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स

वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स के लिए गोल का खाता 13वें मिनट में ही खुल गया, जब मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल दागा। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में योएन विसा ने गोल किया। हालांकि, इसके बाद ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स का खराब खेल शुरू हुआ, जिसे वह जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई।

## सब जूनियर महिला हॉकी लीग

# घुम्मनहेरा राइजर्स, साई शक्ति और साई बाल ने दर्ज की जीत



**नई दिल्ली।**

दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के आठवें दिन साई शक्ति टीम, साई बाल टीम और घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की, जबकि अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने राजा करण हॉकी अकादमी को बराबरी पर रोका।

**साई शक्ति टीम की आसान जीतः** दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 18-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (1', 5', 25', 27', 34') ने पांच गोल किए, भव्या (12', 26', 29') और बिनाती मिंज (30', 45', 45') ने हैट्रिक बनाई। कप्तान काजल (3', 14'), रवीना (9', 18') और साक्षी (35', 36') ने दो-दो गोल किए, जबकि निशा दादेल (48') ने एक गोल किया।

**अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने राजा करण हॉकी अकादमी को बराबरी पर रोकाः** दिन के दूसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से 1-1 से ड्रा रहा। तीन क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद, कुदरत (55') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर राजा करण हॉकी अकादमी को बढ़त दिला दी। एम. शालिनी (60') ने खेल के अंतिम मिनट में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया, जिससे खेल बराबरी पर समाप्त हुआ।

**साई बाल टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को हरायाः** दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 3-0 से हराया। साई बाल टीम के लिए दूसरे क्वार्टर में कप्तान रिया (19') ने गोल कर स्कोरिंग की शुरुआत की। वंदना पटेल (58', 59') ने खेल के अंत में दो गोल किए और साई बाल टीम ने आसान जीत दिलाई।

**घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी ने दर्ज की शानदार जीतः** दिन के चौथे मैच में घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। दीया (3') ने खेल की शुरुआत में घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी के लिए फील्ड गोल किया, इससे पहले दीपिका (21') ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद निशा (29', 53') ने दो गोल किए और घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने बड़े पैमाने पर जीत दर्ज की।

# सेंचुरियन टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में बनाए 408 रन, 163 रनों की ली बढ़त

**सेंचुरियनि।**

कार्यवाहक कप्तान डीन एल्गर (185) के बेहतरीन शतक और मार्को यान्सन (नाबाद 84) और डेविड बेंडिंघम (56) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 408 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 163 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 245 रन बनाए थे।

दक्षिण अफ्रीका के पारी की शुरुआत खराब रही और एडन मार्करम 11 के कुल स्कोर पर केवल 5 रन बनाकर मोहम्मद सिराज का शिकार बने। इसके बाद दीन एल्गर ने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। 104 के कुल स्कोर पर बुमराह ने जॉर्जी (28) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। केगन पीटरसन कुछ खास नहीं कर सके और केवल 2 रन बनाकर बुमराह के दूसरे शिकारा बने।

इसके बाद डेविड बेंडिंघम और एल्गर ने चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। 244 के स्कोर पर सिराज ने बेंडिंघम को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। बेंडिंघम ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। काइल वेरेन कुछ खास नहीं कर सके और 249 के कुल स्कोर पर केवल 4 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर केएल राहुल को कैच देकर चलते बने।



249 रन पर 5 विकेट गिरने के बाद मार्को यान्सन और एल्गर ने पारी संभाली और छठे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। इस दौरान एल्गर ने अपना डेढ़ सौ रन भी पूरा किया। 360 के कुल स्कोर पर शार्दुल ठाकुर ने एल्गर को राहुल के हाथों कैच कराकर उनकी शानदार पारी का अंत किया। एल्गर ने 287 गेंदों पर 28 चौकों की बदौलत शानदार 185 रन बनाए। इसके बाद अश्विन ने 391 रनों के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्ज़ी (19) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को सातवां झटका दिया। 392 के कुल स्कोर पर बुमराह ने कागिसो रबाडा (01) को बोल्ड कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 408 के कुल स्कोर पर नान्द्रें बर्गर (00) को बोल्ड कर भारत को नौवीं सफलता दिलाई।

# कार्लोस अल्कराज ने प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया

**रियाद।**

स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बुधवार रात सऊदी अरब के रियाद में एक प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया।

अल्कराज ने किंगडम एरेना में खेले गए बहुप्रतीक्षित मैच में प्रभावशाली शुरुआत की, उन्होंने शुरुआती गेम में जोकोविच की सर्विस को तोड़ दिया और जोकोविच की कुछ त्रुटियों के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। हालाँकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कुछ शानदार रिटर्न के साथ वापसी करते हुए 3-2 की बढ़त हासिल कर ली और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।



दूसरे सेट में अल्कराज ने जोरदार वापसी की और जोकोविच की सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। जोकोविच ने शानदार नेट प्ले के साथ पांचवां गेम जीतकर अंतर को 2-3 तक कम कर दिया। हालाँकि, अल्कराज ने लगातार दो ऐस के साथ दूसरा सेट 6-4 से जीतकर स्कोर 1-1 से बराबरी कर ली।

निर्णायक सेट की शुरुआत जोकोविच ने अल्कराज से छूटे लॉब का फायदा उठाते हुए शानदार शुरुआत की। जोकोविच की फोरहैंड गलती के बाद अल्कराज ने बढ़त बना ली। इसके बाद अल्काराज ने मामूली अंतर से अपनी सर्विस बरकरार रखी, इससे पहले जोकोविच ने स्पैनियार्ड से दो ब्रेक प्वाइंट बचाए और अपनी प्रभावी सर्विस के साथ एक गेम वापस खींचने में कामयाब रहे। छठे गेम में जोकोविच ने वापसी की और मैच के सबसे तीव्र और नाटकीय खेलों में से एक में स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया, तीसरे ब्रेक पॉइंट पर बढ़त हासिल की और फिर अगले गेम में बढ़त बना ली। अंत में अल्कराज ने 6-4 से मैच अपने नाम किया।

बुधवार को हुए इस मुकाबले से पहले, जोकोविच और अल्कराज के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जोकोविच ने 3 और अल्कराज ने दो में जीत दर्ज की है।

सऊदी की राजधानी में होने वाला मैच रियाद सीजन का हिस्सा है, जो कला, संस्कृति और खेल का एक वार्षिक उत्सव है, जिसमें फरवरी की शुरुआत में आगामी रियाद सीज़न कप फुटबॉल टूर्नामेंट भी शामिल है, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर और लियोनेल मेसी के इंटर मियामी शामिल हैं।

## इंडियन सुपर लीग 2023-24 : 18 मुकाबले खेले गए, मुंबई ने 9 और चेन्नइयन ने 6 में जीत दर्ज की है, 3 मैच ड्रा रहे

# सीजन ब्रेक से पहले जीत की राह पर लौटना चाहेंगे मुंबई सिटी और चेन्नइयन एफसी

**मुंबई।**

मुंबई सिटी एफसी और चेन्नइयन एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने अभियान का पहला हाफ पूरा कर लेंगे, जब ये दोनों टीमें जीत की राह तलाशते हुए मुंबई फुटबॉल एरेना (एमएफए) में पहुंचेंगी और गुरुवार रात एक-दूसरे से भिड़ेंगी। क्योंकि ये दोनों टीमें अपने-अपने पिछले मुकाबलों में हार के बाद इस मैच में उतरेंगी। आइलैंडर्स को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी के हाथों 2-0 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, जबकि मरीना मचान्स को पिछले हफ्ते नई दिल्ली में पंजाब एफसी के हाथों 1-0 की हार मिली थी।

यह मुंबई सिटी एफसी की इस आईएसएल सीजन में पहली हार थी। उसके पिछले चार मुकाबलों में दो गोलरहित ड्रा और केरला ब्लास्टर्स एफसी से हार से पता चलता है कि आइलैंडर्स में सुधार की काफी गुंजाइश है। लिहाजा, चेक हेड कोच पीटर क्रैटकी 2023 का शानदार समापन करने के लिए उत्सुक होंगे, लेकिन इसका मतलब चेन्नइयन एफसी पर काबू पाना होगा।




ओवेन कॉयल का सीएफसी के साथ अब तक का परिणाम मिश्रित रहा है। कॉयल बार-बार कहते रहे हैं कि वह इस समय दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य पर विचार कर रहे हैं। अपना अभियान शीर्ष-छह में समाप्त करना उनका सामूहिक उद्देश्य है और फिर कोयल और उनके शानदार खेल-प्रबंधन कौशल के दमपर लीग में जितना संभव हो उतना आगे तक जाना है। मुंबई सिटी एफसी पर उसी के घर में जीत उनकी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगी।

मुंबई सिटी एफसी के चेक हेड कोच पीटर क्रैटकी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमने (पिछला मैच) समीक्षा की। बहुत सारी सकारात्मक चीजें थीं लेकिन ऐसी चीजें भी थीं जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हमने उन पर ध्यान दिया, उन पर काम किया। हम अपनी प्रक्रियाओं पर कायम हैं। समूह के लिए यह समझना एक अच्छा अनुभव है कि हमें हराया भी जा सकता है। लेकिन, हमें आगे बढ़ते रहने की जरूरत है।"

चेन्नइयन एफसी के हेड कोच ओवेन कॉयल ने कहा, "जब भी आप किसी भी प्रतिद्वंद्वी से खेलते हैं, तो आप मुंबई के लिए गैरमौजूद खिलाड़ियों के बारे में उल्लेख करते हैं, हमारे ज्यादा खिलाड़ी चोट के कारण अनुपस्थित हैं, जिनकी चर्चा नहीं होती है। फुटबॉल में ऐसा होता है। जो भी कुछ उपलब्ध होता हैं, हमें उनके साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है।"

बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक आईएसएल में 18 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें मुंबई ने 9 और चेन्नइयन ने 6 में जीत दर्ज की है, जबकि 3 मैच ड्रा रहे हैं।

रिलेशन

# बार-बार सॉरी बोलने से भी खराब हो सकते है रिश्ते




कहते है जहां प्यार, वहां छोटे-मेटे झगड़े होना आम है। लड़ाई-झगड़ा हर रिश्ते में होता है। कुछ लोग इस लड़ाई से बचने के लिए अपनी गलती न होते हुए भी सॉरी बोल देते है, ताकि यह झगड़ा रिश्ते में दूरिया बना दें लेकिन कुछ लोगों को बात- बात पर सॉरी बोलने की आदत होती है। यही आदत सामने वाले व्यक्ति को परेशान कर देती है इसके कारण रिश्ते खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह आपका हर बात पर सॉरी बोलना रिश्ते को खराब कर सकता है।

## 1.खुद पर विश्वास की कमी

हर बात पर अपनी गलती मान लेने से व्यक्ति के कमजोर मनोबल के बारे में पता चलता है जो बिल्कुल अच्छा नहीं माना जाता। लोग सोचते हैं कि जिसको खुद पर विश्वास नहीं है वह किसी और पर भरोसा कैसे कर सकता है। इसी कारण आपका दोस्त, पार्टनर या कोई अन्य व्यक्ति आपसे धीरे-धीरे दूरिया बना लेता है।

## 2. हर बात को दिल से लगाना


कुछ लोग इतने संवेदनशील होते है कि वो अक्सर पुरानी बातें याद दिलाकर लोगों से मांफी मांगने लगते है। ऐसे में उस व्यक्ति का अच्छा मूड भी खराब हो जाता है। इससे पति-पत्नी और दोस्तों के रिश्ते की सहजता खत्म हो जाती है और रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है।

## 3. अपनी खुशी अहम

अपने आस-पास के लोगों को खुश रखने और खुद को अच्छा दिखाने के लिए वह दूसरों की तारीफ करने लगते है। वही अपनी तारीफ सुन- सुन कर सामने वाला परेशान हो जाता है। जिससे वह धीरे-धीर उससे दूर होना शुरू कर देता है।



# बेस्ट फ्रेंड्स में हैं ये खूबियां तो आप सचमुच में हैं भाग्यशाली



ऐसे तो परिवार के सदस्य हर वक्त एक-दूसरे का साथ देने के लिए तैयार होते हैं लेकिन फिर भी हर किसी की जिंदगी में परिवार वालों से भी ज्यादा कोई अहमियत रखता है वह है सच्चा दोस्त। दोस्त वह होते हैं जो अपने जरूरी काम को छोड़कर भी मुश्किल में फंसे हुए अपने दोस्त का साथ देने के लिए किसी न किसी तरह उसका साथ देने के लिए पहुंच ही जाते हैं। आइए जानते हैं दोस्तों का कौन सी खूबियां बना देती हैं उन्हें स्पैशल।

## आगे बढ़ने के लिए देते हैं साथ

वैसे तो हर किसी की बहुत से लोगों के साथ दोस्ती होती है लेकिन सिर्फ एक या दो दोस्त ही होते हैं जो आपको जिंदगी में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वह आपकी तरक्की से जलते नहीं बल्कि खुश होते हैं।

## सच बोलेगा भले लगे कड़वा

जिंदगी में कई बार ऐसे पड़ाव आते हैं जब हमें वो सच सुनाई और दिखाई नहीं देता जो हमारे सामने खड़ा होता हैं ऐसे समय में हमें एक सच्चे दोस्त की जरुरत होती हैं जो थोड़े कड़े स्वभाव से ही सही पर हमें सच्चाई से रूबरू करायें

## कमियों को दूर करने में करता है मदद

हर किसी में कोई न कोई कमी जरूर होती है लेकिन इनको दूर करने में सिर्फ दोस्त ही मदद करते हैं। वह आपको किसी भी तरह से निराश नहीं देख सकते और इसके लिए कोशिश करने के लिए आपको प्रेरित करते रहते हैं।

## नहीं करते किसी और से शेयर

जिंदगी में ऐसी बहुत सी बातें होती हैं जो आप अपने परिवार वालों के साथ शेयर नहीं कर सकते लेकिन दोस्तों के साथ बेझिझक अपने मन की बात कर लेते हैं। सच्चा दोस्त भी वही है जो आपकी इन बातों के अपने तक ही रखता है, किसी और के साथ शेयर नहीं करता।

## पूरी तरह कर निभाता है साथ

अच्छे दोस्त वही कहलाते हैं जो बुरे समय में जब कोई आपके साथ नहीं होता तब भी सच्चा मित्र आपका साथ नहीं छोड़ता। अपनी परेशानी को भूलकर मदद करने के लिए आगे आते है और कभी भी अहसान नहीं जताते।

## भूलाने का करता है प्रयास

एक अच्छा मित्र आपके अतीत के संबंध में कभी नहीं बात करेगा। यदि आप उनको अपने अतीत की कमजोरियों या गलतियों के बारे में कुछ बता भी देंगे तो वह आपको उसे भूलने और अतीत से सीखने की सलाह देते हैं न कि आपकी बातों को दूसरों को बताकर मजे लेते हैं।

## कोशिश नहीं करते

एक सच्चा दोस्त कभी भी आपको जज नहीं करेगा यानी वह कभी आंकने की कोशिश नहीं करता कि आप कितने अच्छे, बुरे, परफेक्ट या इम्पेर्फेक्ट हो। वह आपको जैसे आप हो वैसे ही स्वीकार करता है क्योंकि उसे पता होता है कि वह खुद भी परफेक्ट नहीं है। वह आपको आपकी कमियों के लिए उलाहना नहीं देता और न ही आपकी कमियों के लिए आपको छोड़ता है।

यदि आपके पास ऐसे दोस्त हैं जिनमें यह सब गुण हैं तो यकीन मानिए आप सचमुच में भाग्यशाली हैं और आप ऐसे मित्रों को कभी नहीं छोड़ना चाहेंगे।

# पुरानी टीशर्ट से बनाएं फ्रिंज स्कार्फ

घर में कई चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें हम बेकार समझ कर फैंक देते हैं, जैसे कि पुरानी टी-शर्ट। लोग एक ही टी शर्ट बार-बार पहनकर बोर हो जाते हैं या तो उसे वार्डरोब के किसी कोने में रख दिया जाता है या पोंछा बना दिया जाता है लेकिन शायद आप यह नहीं जानते कि थोड़ी सी क्रिएटिविटी दिखाकर आप टीशर्ट को खूबसूरत फिंज स्कार्फ बना सकते हैं। चलिए आज हम आपको खूबसूरत टी शर्ट का खूबसूरत फिंट स्कार्फ बनाना सिखाते हैं।

सामग्री : टी-शर्ट, कैंची



विधि : सबसे पहले टी-शर्ट का ऊपरी हिस्सा (गला और बाजू) काट दें ताकि स्कार्फ का बेस बन सकें।

अब टीशर्ट के निचले हिस्से के दोनों साइड 20 सेंटीमीटर कैंची से कट लगाएं ताकि फिंज स्टाइल बन सकें।

अब दो-दो फिंज्स को आपस में नॉट की तरह बांध लें। फिर इन्हें ट्राइगल शेप देने के लिए नीचे भी एक नॉट बांध लें।

निचले हिस्से के चारों ओर फिंज स्टाइल बन जाएगा बस ऊपरी हिस्से पर हल्की सिलाई करें। आपका फिज स्कार्फ तैयार है।

सौंदर्य

# ऑलिव ऑयल से बने ये फेस पैक सर्दियों में भी स्किन को रखेंगे जवां



शुष्क हवाओं के चलने से सर्दियों में स्किन ड्राईनैस की समस्यां होने लगती है। इससे बचने के लिए महिलाएं कई तरह के लोशन और क्रीम का उपयोग करती हैं लेकिन इनका असर कुछ समय के बाद खत्म हो जाता है। ऐसे में ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करके स्किन के रूखे पन से बचा सकता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, फाइटोस्टेरॉल, पॉलीफेनॉल और विटामिन ई त्वचा में होने वाली समस्याओं से बचाए रखते है। आज हम आपको ऑलिव ऑयल के कुछ ऐसे फेस पैक के बारे में बताएंगे जिनका इस्तेमाल करके सर्दियों में भी स्कीन को जंवा और सॉफ्ट रखा जा सकता है।

## 1.ऑलिव ऑयल और शहद

1 टीस्पून शहद और ऑलिव ऑयल लें और अच्छे से मिक्स करें। इस फेस पैक को 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो ले। इस पैक से आपकी स्किन सॉफ्ट और जंवा बनी रहेगी।

## 2. ऑलिव ऑयल और केला

केले में विटामिन बी6 होता है जो स्किन के लिए फायदेमंद होता है। ऑलिव ऑयल और केले को एक साथ लगाने से स्किन ड्राइनेस की समस्यां नहीं होती । इस पैक को बनाने के लिए केले को अच्छे से मैश कर ले। अब इसमें ऑलिव ऑयल डालें और इसको अच्छे मिक्स कर लें। इस पैक को गर्दन और चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं।

## 3. ऑलिव ऑयल और मेथीदाना



इस फेस पैक में एंटी-एजिंग गुण होते हैं जो उम्र को बढ़ने नहीं देते। यह पैक चेहरे से झुर्रियां और रेखाओं को हटाता है। इसे बनाने के लिए मेथी के दानों को रात भर भीगों कर रखें। सुबह इसको पीस लें। इस पेस्ट में 1 टीस्पून ऑलिव ऑयल डालें और चेहरे पर लगाएं।

## 4.ऑलिव ऑयल और अंडा

ऑलिव ऑयल और अंडे के सफेद भाग से बने फेस पैक से त्वचा में कसाव आता है और यह शुष्क हवा के कारण होने वाली समस्याओं से स्कीन को बचाए रखता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए अंडे का केवल सफेद भाग ले। इसमें अब 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल डालकर आपस में मिला लें। इस पैक को रोजाना लगाने से चेहरे पर ग्लो आता है।

## 5. ऑलिव ऑयल और ग्लिसरीन

इनका मिश्रण सर्दियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से बचाता है। इस पैक को बनाने के लिए 1 चम्मच ऑलिव ऑयल में आधा टीस्पून ग्लिसरीन डालकर मिक्स करें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगाएं। अब इसको गुनगुने पानी से धो ले।

# घर की फ्लोरिंग के लिए रंगों का चुनाव सोच-समझकर करें


वास्तु के अनुसार अपने घर की फ्लोरिंग के लिए रंगों का चुनाव सोच-समझकर करें। क्योंकि रंग भी घर में भी रहने वाली सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा को प्रबावित करते हैं। घर में यदि सही रंगों का प्रयोग किया गया है तो घर में अच्छी ऊर्जा बनी रहती है।

## पूर्व दिशा

पूर्व दिशा यदि ठीक हो तो घर के मुखिया पर भगवान इंद्र की कृपा रहती है। इसके अलावा यह दिशा भगवान सूर्य को भी समर्पित मानी गई है, इस दिशा में सही होने से समाज में मान-सम्मान बना रहता है। वास्तु के अनुसार इस दिशा का फर्श गहरे हरे रंग का होना चाहिए।

## पश्चिम दिशा

शास्त्रों के अनुसार पश्चिम दिशा लक्ष्मीजी का निवास माना गया है। इसलिए इस दिशा का दोष मुक्त होना बहुत जरूरी है। इस दिशा में अच्छी साफ-सफाई रखनी चाहिए। इस दिशा में फर्श का रंग सफेद होना चाहिए और बहुत ज्यादा आकृति और डिजाइंस नहीं होना चाहिए।



## उत्तर दिशा

घर की उत्तर दिशा बेहद महत्वपूर्ण होती है। वास्तु-शास्त्र के अनुसार केवल इस एक दिशा के सही होने से घर में खुशहाली आती है। वास्तु-शास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा को धन-कुबेर का स्थान माना जाता है। इस दिशा में हमेशा गहरे काले रंग का पत्थर फर्श के तौर पर लगवाना चाहिए।

## दक्षिण दिशा

वास्तु के अनुसार दक्षिण दिशा नर्क की दिशा मानी जाती है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि कभी भी इस दिशा में घर का प्रलेश द्वार नहीं होना चाहिए। न ही इस दिशा में शयन-कक्ष या पति-पत्नी का बेडरूम होना चाहिए। चूंकि इसे यम की दिशा मानी जाती है तो यहां के फर्श का रंग गहरा लाल होना चाहिए...।

## उत्तर-पूर्व दिशा

उत्तर-पूर्व दिशा में भगवान शिव का वास माना गया है। शिवजी को आसमानी और नीला रंग बेहद पसंद है, इसलिए शिव पूजा में आसमानी रंगों का प्रयोग किया जाना शुभ माना गया है।

## दक्षिण पूर्व

इस दिशा का सृष्टि के रचियता ब्रह्मा की दिशा माना गया है। इस दिशा में बैंगनी रंग का फर्श होना शुभ माना जाता है।

## दक्षिण-पश्चिम दिशा

दक्षिण दिशा के स्वभाव से ठीक विपरीत दक्षिण पश्चिम दिशा का स्वभाव है। इस दिशा में हल्के रंगों का इस्तेमाल सही माना गया है। यहां हल्के गुलाबी रंग का फर्श ठीक माना गया है।

## उत्तर-पश्चिम दिशा

घर की इस दिशा को वायु की दिशा माना जाता है। इसलिए इस दिशा की दीवारों, पर्दों और यहां तक फर्श का रंग भी ग्रे होना चाहिए। यह रंग इस दिशा के लिए सबसे शुभ माना गया है। इन जानकारी के अनुसार अगर आप अपने घर का फर्श बनवाते हैं तो आपको घर वास्तुदोष से मुक्त रहेगा। लेकिन अगर किसी कारण से आपने किसी दिशा में गलत रंग का फर्श बनवा लिया है तो आप कमरों का उपयोग बदल सकते हैं।

# राजस्थानी डिश दाल बाफले



## सामग्री

-गेहूं का आटा (मोटा पिसा हुआ)- 2 कप,-बेसन 1/4 कप -मक्के का आटा 1/4 कप, -शुद्ध घी 1/2 कप (आटे में डालने के लिए), -नमक- स्वादानुसार

-हल्दी पाउडर 1/4 टीस्पून,-सौंफ 1/4 टीस्पून,-मीठा सोडा चुटकी भर, -शुद्ध घी जरुरत के अनुसार (सिके हुए बाफले डुबोने के लिए),-दूध जरुरत के अनुसार (आटा गूंथने के लिए), -पानी जरुरत के अनुसार (बाफले उबालने के लिए)

## विधि

1.बाफले बनाने के लिए एक बर्तन में गेहूं का आटा, बेसन, मक्के का आटा, नमक, हल्दी पाउडर, सौंफ और मीठा सोडा मिला लें। फिर इसमें 1/2 कप घी को पिघलाकर डालें और मिला लें। उसके बाद इसमें थोड़ा-थोड़ा गुनगुना दूध मिलाते थोड़ा कड़ा आटा गूंथ लें। 2. गूंथे हुए आटे को 4 बराबर हिस्सों में बाँट लें। 3. आटे के हिस्सों को पहले गेंद की तरह गोल कर लें, फिर हथेली से दोनों तरफ से दबाकर हल्का सा चपटा कर लें। 4. एक भगोने में 3/4 पानी भरकर उबलने के लिए रख दें। पानी उबलने पर आटे के चपटे गोले को उसमें डाल दें, बीच में एक-दो बार हलके हाथ से चम्मच की मदद से उन्हें चला लें। 5. जब गोले भगोने में तैरते हुए ऊपर आ जाएं तो 2-3 मिनट तक और इन्हें उबालें। फिर गोले में चाकू चुभोकर देखें कि आटा उसमें चिपक तो नहीं रहा, अगर चिपक रहा हो तो कुछ देर और उबलने दें। उसके बाद गैस बंद कर दें और एक सूती कपड़े पर इन गोलों को निकाल लें।

6. जब ये गोले सूख जाएं तो इन्हें पहले से गर्म किए हुए गैस तंदूर में धीमी आंच पर दोनों तरफ से भूरा होने तक इन्हें सेंकें। यही चपटे गोले बाफले कहलाते हैं, जब बाफले दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन हो जाएं तो इन्हें गैस तंदूर से बाहर निकाल लें।

7. बाफलों को 3-4 टुकडों में तोड़ लें और शुद्ध घी में डुबो दें। 10 -12 मिनट के बाद इन्हें घी में से निकालकर बाफले वाली दाल और ग्रीन चटनी के साथ परोसें। गरमा-गरम दाल-बाफले (dal bafla) का मजा लें।

# सर्दियों में बच्चे को रोजाना 1 केला खिलाने से मिलेंगे ये फायदे



सर्दियों के मौसम में सर्द हवाओं के चलने से सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार होना आम सी बात है। इस मौसम में सबसे ज्यादा बीमार बच्चे ही होते है क्योंकि उनकी रोग- प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बच्चों के बार-बार बीमार होने से पैरेंट्स परेशान होते है और सोचते है कि बच्चों को क्या खिलाए जिसको खाने से बच्चा स्वस्थ और चुस्त रहे। वैसे तो सर्दियों में बहुत से फल होते हैं, जो बच्चे की सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद है लेकिन केला इस मौसम में बच्चों के लिए काफी गुणकारी साबित होता है। सर्दी में बच्चे को केले का सेवन करवाने से छोटी-मोटी परेशानियों से निजात पाई जा सकती है। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे केला बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

## 1. इम्युनिटी सिस्टम मजबूत

सर्दियों के मौसम में बच्चों में गैस की समस्या होती हैं, बच्चों को इससे बचाने के लिए उन्हें रोजाना उनको 1 केला खाने को दें। इसको खाने से पेट संबंधित बीमारियां नहीं होती।

## 2. मुंह में छाले

मुंह में छाले होने से कोई भी चीज खाने में दिक्कत आती है। अगर बच्चे के मुंह में छाले हो तो उन्हे केले खाने को दें। इससे मुंह के छालों से राहत मिलेगी।

## 3. खून की कमी करें पूरी

केले में आयरन मौजूद होता है जो हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर खून की कमी को पूरा करता है। अगर बच्चे में खून की कमी है तो उसकी डाइट में रोज 1 केले को शामिल करें। इसी के साथ इससे दूबले-पतले बच्चे का वजन भी बढ़ता है।

## 4. वायरल इंफैक्शन

सर्दी में बच्चों को खांसी, जुकाम, वायरल इंफैक्शन जैसी प्रॉबल्म रहती है। इस तरह के इंफैक्शन से बचने के लिए बच्चों की डाइट में केला शामिल करें। यदि बच्चे को पहले से ही सर्दी -खांसी हो तो केला न खिलाएं क्योंकि इससे जलन पैदा हो सकती है।

## 5. एनर्जी बढाएं

सर्दी हो या गर्मी, बच्चे हमेशा खेलते-दौड़ते रहते है, जिससे उनके शरीर की खूब एनर्जी वेस्ट होती है। केले में कार्बोहाइड्रेट और शुगर की मात्रा अधिक होती है जिसको खाने से एनर्जी मिलती है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)